卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐जय बाबा की卐卐श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐
उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये
केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 131 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) ♦सोमवार ♦16 फरवरी 2026 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतरे कांग्रेसी

### राजभवन कूच कर कांग्रेसियों ने फूंका भ्रष्टाचार और महंगाई के खिलाफ बिगुल

देहरादून (उद संवाददाता)। प्रदेश सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सोमवार को हजारों कांग्रेसियों ने सड़कों पर उतरकर जोरदार प्रदर्शन किया। राजभवन कूच के दौरान कांग्रेसियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और अपनी शक्ति का प्रदर्शन किया। प्रदेश भर से जुटे हजारों कार्यकर्ता सोमवार सुबह परेड ग्राउंड में एकत्र हुए, जहाँ से ढोल- दमाऊ की थाप के साथ राजभवन की ओर कूच शुरू किया गया। इस विशाल प्रदर्शन में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल, पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, प्रीतम सिंह, हरक सिंह रावत और



यशपाल आर्य सहित पार्टी के तमाम वरिष्ठ नेता शामिल हुए। साथ ही अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव व सांसद कुमारी सैलजा एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा ने भी शिरकत कर कार्यकर्ताओं में जोश भरा। राजभवन कूच से पूर्व परेड ग्राउंड में एक विशाल जनसभा का आयोजन किया गया। सभा को संबोधित करते हुए पार्टी नेताओं ने इस प्रदर्शन को सरकार विरोधी 90 दिनों के अभियान का पहला बड़ा पड़ाव करार दिया। कांग्रेस ने कानून व्यवस्था, बढ़ती बेरोजगारी, बेतहाशा महंगाई, महिला सुरक्षा, भ्रष्टाचार और खनन व भू-माफियाओं के बढ़ते प्रभाव जैसे गंभीर मुद्दों पर सरकार को कटघरे में खड़ा किया। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने इसे सरकार की नीतियों के खिलाफ श्हल्ला बोलश बताते हुए कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार का ग्राफ तेजी से बढ़ा है। उन्होंने आरोप लगाया कि राजभवन कूच के डर से घबराई भाजपा सरकार ने शहर से कांग्रेस के पोस्टर (शेष पृष्ठ सात पर)

## जिला एवं सत्र न्यायालय को बम से उड़ाने की धमकी

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। नैनीताल जिला एवं सत्र न्यायालय को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। इस सनसनीखेज धमकी के बाद पुलिस और प्रशासन में हड़कंप मच गया और आनन-फानन में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद कर दी गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस की भारी टीम तत्काल नैनीताल जिला एवं सत्र न्यायालय पहुंची और पूरे कोर्ट परिसर को खाली कराकर सघन जांच अभियान शुरू किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ऑल इंडिया जजेस संगठन को एक ई-मेल भेजा गया था, जिसमें नैनीताल जिला



न्यायालय को निशाना बनाने और उसे बम से उड़ाने की बात कही गई थी। ई-मेल की सूचना मिलते ही न्यायालय परिसर की सुरक्षा बढ़ा दी गई और पुलिस के साथ-साथ बम डिस्पोजल स्क्वाड व अन्य सुरक्षा एजेंसियां (शेष पृष्ठ सात पर)

## बोलेरो खाई में गिरने से चार लोग घायल

उत्तरकाशी (उद संवाददाता)। नौगांव-पुरोला मोटर मार्ग पर सौंदाड़ी गांव के पास एक बोलेरो वाहन अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरा। इस दर्दनाक हादसे में वाहन सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची रेस्क्यू टीम ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को खाई से बाहर निकाला और तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पुरोला पहुँचाया, जहाँ से दो घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें



प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।जिला आपदा कंट्रोल रूम से प्राप्त जानकारी के अनुसार, रविवार रात एक बोलेरो वाहन देहरादून से मोरी की ओर जा रहा था। जब वाहन नौगांव से करीब 12 किलोमीटर आगे सौंदाड़ी के समीप पहुँचा, तभी वह अचानक चालक के नियंत्रण से बाहर हो गया और सड़क से नीचे गहरी खाई में समा गया। वाहन गिरते ही मौके पर चीख-पुकार मच गई। इस दुर्घटना में वाहन चालक सहित चार युवक घायल हुए हैं, जिनकी पहचान 18 वर्षीय हिमांशु रावत पुत्र मनोज रावत निवासी कुनारा, 18 वर्षीय रितिक रावत पुत्र किनाब निवासी सालारा, 18 वर्षीय (शेष पृष्ठ सात पर)

## सिरौली कला को पालिका बनाने के लिए भरी हुंकार

किच्छा। सिरौली कला को पृथक नगर पालिका बनाए जाने की मांग को लेकर पूर्व विधायक राजेश शुक्ला के नेतृत्व में क्षेत्रवासियों ने जोरदार शक्ति प्रदर्शन किया। किच्छा, सिरौली और दरऊ के सैकड़ों लोगों ने नवीन मंडी स्थल से एक विशाल जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया और सरकार से सिरौली को अलग नगर पालिका का दर्जा देने की मांग उठाई। सुबह निर्धारित समय पर भारी संख्या में



लोग मंडी स्थल पर एकत्रित हुए, जहाँ आयोजित एक सभा में वक्ताओं ने सिरौली के अलग नगर पालिका बनने से होने वाले विकास और इसके महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। इसके बाद जुलूस मुख्य बाजार होते हुए उप जिलाधिकारी कार्यालय पहुँचा, जहाँ एसडीएम के माध्यम से शासन को ज्ञापन प्रेषित किया गया। ज्ञापन में मुख्य रूप से मांग की गई कि सिरौली कला के संबंध में न्यायालय में चल रहे गतिरोध को तत्काल समाप्त कराया जाए और किच्छा नगर पालिका के चुनाव संपन्न कराए जाएं। साथ ही सिरौली कला को नई नगर पालिका के रूप में अस्तित्व में लाया (शेष पृष्ठ सात पर)

## गैस सिलेंडर विस्फोट से दो मंजिला मकान राख

ऋषिकेश (उद संवाददाता)। सोमवार सुबह चन्द्रेश्वरनगर क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके में दहशत फैला दी, जब एक रिहायशी मकान में गैस सिलेंडर विस्फोट हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घर से अचानक आग की तेज लपटें उठीं और कुछ ही क्षणों में एक के बाद एक जोरदार धमाकों की आवाजें सुनाई दीं। धमाका इतना भीषण था कि देखते ही देखते दो मंजिला मकान पूरी तरह जलकर राख के ढेर में तब्दील हो गया। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने साहस दिखाते हुए मोर्चा संभाला और बचाव कार्य शुरू करने के साथ ही संबंधित विभागों को सूचना दी। सिलेंडर विस्फोट की खबर फैलते ही क्षेत्र में अफरातफरी मच गई और आसपास के घरों में रहने वाले लोग भय के साये में बाहर निकल आए। हादसे के प्रारंभिक कारणों में गैस रिसाव को मुख्य वजह माना जा रहा है, हालांकि वास्तविक कारणों की पुष्टि विस्तृत जांच के बाद ही हो सकेगी। स्थानीय स्तर पर यह भी चर्चा जोरों पर है कि यह भीषण दुर्घटना बड़े सिलेंडर से छोटे (शेष पृष्ठ सात पर)

## आस्था का बड़ा केन्द्र बनेगा शिव कॉरिडोर: विकास शर्मा

रुद्रपुर। महापौर विकास शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा की गई नई घोषणाएं रुद्रपुर के विकास की नई तकदीर लिखेंगी। उन्होंने कहा कि शिव कॉरिडोर सहित कुल पांच नई घोषणाएं करके मुख्यमंत्री ने रुद्रपुर वासियों की भावनाओं का सम्मान किया है। महापौर ने विश्वास दिलाया कि मुख्यमंत्री की घोषणाओं पर जल्द काम शुरू होगा और इन नए कार्यों से रुद्रपुर को पूरे प्रदेश में एक नई पहचान मिलेगी। सोमवार को महापौर विकास शर्मा ने शिव कॉरिडोर का हिस्सा बनने जा रहे नीलकंठ धाम में रुद्राभिषेक किया और इसके पश्चात नगर आयुक्त शिप्रा जोशी व नगर निगम की



टीम के साथ प्रस्तावित शिव कॉरिडोर के लिए नीलकंठ धाम, शिव मंदिर और गोल्ज्यू मंदिर का स्थलीय निरीक्षण कर कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की।पत्रकारों से वार्ता करते हुए महापौर ने कहा कि नीलकंठ धाम वही स्थान है जिसकी भूमि को लेकर उन पर कुछ लोग अनर्गल आरोप लगाकर उन्हें भूमाफिया घोषित करने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन आज सच्चाई सबके सामने है कि यह भूमि उनके व्यक्तिगत हित के लिए नहीं बल्कि ऐतिहासिक शिव कॉरिडोर का हिस्सा बनने जा रही है। उन्होंने बताया कि हाल ही में नीलकंठ धाम के पास छह(शेष पृष्ठ सात पर)

**आवश्यकता है**

रुद्रपुर स्थित एक प्रतिष्ठित इलेक्ट्रॉनिक शोरूम के लिए टैली अकाउंटेंट, कैशियर, स्टोर मैनेजर आदि पदों पर युवक युवतियों एवं ड्राईवर की आवश्यकता है।


-:संपर्क करें:- 8433432291

## निजाम तो बदला, पर क्या कार्यशैली भी बदलेगी मित्र पुलिस की?

### नए पुलिस कप्तान के समक्ष अपराध के बढ़ते ग्राफ को घटाने एवं अपराधियों के नेटवर्क को समूल नष्ट करने की चुनौती

**-अर्श-**

रुद्रपुर। उधम सिंह नगर जिले के पुलिस महकमा का निजाम बदलने के बाद यह प्रश्न तनिक बड़ा हो गया है कि क्या जिले में नए पुलिस कप्तान अजय गणपति की तैनाती के बाद उनके मातहतों की प्राथमिकता एवं कार्यशैली भी बदलेगी ? वह इसलिए, क्योंकि उधम सिंह नगर जिले से बीते सप्ताह विदा हुए एसएसपी मणिकांत मिश्रा के दौर में मित्र पुलिस की कार्यशैली कई मामलों में गले न उतरने वाली रही है। यद्यपि पूर्व एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने अपने कार्यकाल में तकरीबन तीन दर्जन अपराधियों का हाफ एनकाउंटर करवा कर अपराधियों को घुटने पर लाने की कोशिश अवश्य की, लेकिन इतनी पुलिस मुठभेड़ के बावजूद जिले में अपराध का ग्राफ घटने के बजाय बढ़ता ही चला गया। बात जिला मुख्यालय रुद्रपुर की करें, तो पिछले कुछ सालों के भीतर शहर के युवाओं में तमंचा रखने और मौके- बे-मौके उसका इस्तेमाल करने का क्रेज भी अप्रत्याशित रूप से बढ़ा है और नगर की सीमा के भीतर बंदूक बाजी की कई वारदात सामने आई हैं। हालांकि ऐसी



घटनाएं सामने आने के बाद पुलिस ने बंदूकबाजों को देर सवेर कानून का पाठ तो अवश्य पढ़ाया लेकिन पुलिस की ओर से यह पता लगाने की कोशिश नहीं की गई कि शहर में तमंचे आ कहां से रहे हैं और ना ही पुलिस ने राज्य के भीतर अथवा राज्य के बाहर संचालित हो रहे तमंचे के अवैध कारखानों तक पहुंचाने की ही कोशिश की। जबकि होना तो यह चाहिए था कि पुलिस तमंचा बरामद करने के बाद तमंचा निर्माण से जुड़े लोगों तक पहुंचाने की कोशिश करती और अवैध तमंचा निर्माण के सिंडिकेट को समूल नष्ट करती ,ताकि शहर में अवैध हथियारों की आमद रोकी जा पाती। पुलिस का ऐसा ही रवैया कमोबेश मोबाइल छिनैती के मामलों में भी रहा है। पूर्व पुलिस कप्तान के निर्देशन में पुलिस ने छीने हुए मोबाइल भारी संख्या में बरामद किए और पीड़ितों को उनके वापस मोबाइल वापस करके उनके चेहरे की मुस्कान भी लौटाई ,मगर पुलिस ने मोबाइल छीनने वालों और चोरी का मोबाइल खरीदने और बेचने वालों की कमर (शेष पृष्ठ सात पर)

# मोटा महादेव मंदिर में यूपी पुलिस ने कांवड़ियों पर भांजी लाठियां

## जलाभिषेक के दौरान पुलिसकर्मी की कार्यशैली पर भड़के शिवभक्त, हंगामा

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। एक तरफ जहां पुलिस प्रशासन से लेकर जनप्रतिनिधि और समाजसेवी शिवरात्रि के पावन पर्व पर कांवड़ियों की सेवा और उनके लिए व्यवस्थाएं दुरुस्त करने में पूरी निष्ठा से जुटे नजर आए, वहीं दूसरी तरफ उत्तर प्रदेश पुलिस का बेहद संवेदनहीन चेहरा सामने आया है। करतारपुर रोड स्थित प्राचीन मोटा महादेव शिव मंदिर में शिवरात्रि के अवसर पर यूपी पुलिस द्वारा कांवड़ियों पर लाठियां चलाने का मामला प्रकाश में आया है। मंदिर में जलाभिषेक के लिए लगी लंबी कतार के दौरान हुई मामूली कहासुनी के बाद एक पुलिसकर्मी ने अपना आपा खो दिया और श्रद्धालुओं पर ताबड़तोड़ लाठियां बरसानी शुरू कर दीं। इस अचानक हुए हमले में सुभाष नाम का कांवड़िया सिर पर गंभीर चोट लगने से घायल हो गया, जबकि कई अन्य शिवभक्त भी लाठियों की चपेट में आकर चोटिल हुए हैं। जानकारी के मुताबिक बीते दिवस प्राचीन मोटा महादेव शिव मंदिर में जलाभिषेक के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी थी। उमड़ते जनसैलाब को देखते हुए मंदिर के मुख्य गेट पर व्यवस्थाएं संभालने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया था। बताया



जा रहा है कि गेट पर तैनात पुलिसकर्मियों के साथ कुछ कांवड़ियों की किसी बात को लेकर बहस हो गई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि एक पुलिसकर्मी ने कतार में खड़े निहत्थे कांवड़ियों पर लाठियां चला दीं। आरोप है कि इस दौरान बीच-बचाव और विरोध कर रही महिलाओं के साथ भी पुलिसकर्मियों ने अभद्र व्यवहार करते हुए धक्का-मुक्की की। पुलिस के इस हिंसक रवैये से वहां मौजूद हजारों कांवड़िये और श्रद्धालु आक्रोशित हो गए। मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों और शिवभक्तों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए जमकर नारेबाजी की और हंगामा शुरू कर दिया। मंदिर परिसर में हुई इस घटना से मौके पर अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया और भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। मामला बढ़ता देख मारपीट करने वाले पुलिसकर्मी ने भीड़ के गुस्से से बचने के लिए मंदिर परिसर में ही बने एक कमरे में जाकर खुद को बंद कर लिया। हंगामे की सूचना पर पहुंचे अन्य वरिष्ठ पुलिसकर्मियों ने मौके पर स्थिति को संभाला और काफी मशक्कत के बाद आक्रोशित कांवड़ियों को शांत कराया। श्रद्धालुओं ने आरोपी पुलिसकर्मी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। प्राचीन मोटा महादेव शिव मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष मनीष बावा ने कावड़ियों के साथ पुलिस द्वारा मारपीट किये जाने की कड़े शब्दों में निंदा की है। उन्होंने कहा कि पुलिस कर्मी ने मंदिर जैसे पवित्र स्थल पर संवेदनहीनता का परिचय दिया है। ऐसे पुलिस कर्मी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि मामले में कार्रवाई नहीं होने पर जल्द ही पुलिस के उच्चाधिकारियों से शिकायत की जायेगी।

# साहिबजादा अजीत सिंह के जन्मदिन एवं विवेकानंद जयंती पर शिक्षण सामग्री का वितरण

गदरपुर । ग्राम मजराशीला स्थित विवेकानंद पब्लिक स्कूल में मेधावी बच्चों को शिक्षण सामग्री का वितरण करते हुए साहिबजादा अजीत सिंह का जन्मदिन और स्वामी विवेकानंद जी की जयंती मनाई गई । सिख मिशनरी कॉलेज लुधियाना की गदरपुर इकाई के संयोजक देवेंद्र सिंह के दिशा निर्देशन तथा विवेकानंद स्कूल पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य खुशाल रावत की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका आरती रावत द्वारा किया गया । देवेंद्र सिंह द्वारा बताया गया कि गुरू गोविन्द सिंह जी के बड़े साहबजादे अजीत सिंह द्वारा दुश्मन



की फौज से लड़ते हुए चमकौर साहिब में देश धर्म की रक्षा के लिए अपनी शहादत दी थी। वहीं खुशहाल रावत ने बताया कि स्वामी विवेकानंद द्वारा देश-विदेश में भारतीय संस्कृति का प्रचार प्रसार करते हुए देश सेवा के कार्य किये, उनके द्वारा अपना सारा जीवन समाज सेवा के कार्यों में लगाया गया । उन्होंने महापुरुषों के आदर्शों पर चलने का आह्वान सभी बच्चों को किया । इस दौरान शिक्षण सामग्री देकर कक्षा 6,7 व 8 के एक दर्जन मेधावी बच्चों को सम्मानित किया गया,जिनमें निशा, आयशा,अर्चना,चाहत,विपिन, प्रदीप,साकिब,तमन्ना,कैफ, रोबिन के अलावा हेमलता, रूपाली,अर्शी एवं श्रीजी शामिल रहे। कार्यक्रम के समापन पर बच्चों को मन लगाकर शिक्षा ग्रहण करने तथा देश सेवा का संकल्प करवाकर प्रसाद वितरण किया गया।

# उत्तराखंड बार काउंसिल के 23 सदस्यों के लिए 14 हजार से अधिक अधिवक्ता करेंगे मतदान

नैनीताल। उत्तराखंड बार काउंसिल के 23 सदस्यों के लिए 17 फरवरी को होने वाले चुनाव की तैयारियां पूरी कर ली गई है। इस चुनाव के लिए राज्य के सभी जिला एवं सिविल न्यायालयों की बार एसोसिएशनों को मतदान केंद्र बनाया गया है। चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए शासन ने विभिन्न स्थानों पर तैनात एसडीएम और तहसीलदारों को मुख्य मतदान अधिकारी के रूप में सेवाएं देने की स्वीकृति प्रदान की है। बता दें कि बार काउंसिल के 23 पदों के लिए 104 प्रत्याशी मैदान में हैं। इस चुनाव में करीब साढ़े चौदह हजार अधिवक्ता मतदान करेंगे। बार काउंसिल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पूर्व न्यायाधीश रामऔतार सिंह की ओर से जारी सूचना के अनुसार मतदान प्रक्रिया के सुचारु संचालन के लिए जिलाधिकारी अपने संबंधित जिलों के मतदान केंद्रों पर मतदान अधिकारियों की नियुक्ति करेंगे। चुनाव से पूर्व मतदाता सूची और अन्य आवश्यक सामग्री जिला मुख्यालयों को भेज दी गई है। मतदान संपन्न होने के तुरंत बाद सभी सीलबंद मतपत्र और महत्वपूर्ण दस्तावेज विशेष वाहकों के माध्यम से नैनीताल क्लब भेजे जाएंगे ताकि 20 फरवरी 2026 से मतगणना का कार्य प्रारंभ किया जा सके। प्रत्येक 200 अधिवक्ताओं के लिए एक पृथक मतदान केंद्र और कम से कम एक चुनाव प्रकोष्ठ (वोटिंग कम्पार्टमेंट) अनिवार्य होगा। मतदान केंद्र के भीतर पर्याप्त रोशनी और लेखन कार्य के लिए उपयुक्त टेबल की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। मतदाताओं की पहचान के लिए परिषद ने स्पष्ट किया है कि अधिवक्ताओं को राज्य विधिज्ञ परिषद द्वारा जारी परिचय पत्र, पंजीकरण प्रमाणपत्र, सीओपी प्रमाणपत्र या बार काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा जारी एआईबीई प्रमाणपत्र दिखाना अनिवार्य होगा। मतदान प्रक्रिया के दौरान यदि कोई अधिवक्ता मतदान करने में अक्षम है तो वह मतदान अधिकारी की अनुमति लेकर अपना वोट डाल सकेगा। केंद्र के 50 गज के दायरे में किसी भी प्रकार के चुनाव प्रचार की अनुमति नहीं होगी। केंद्र के भीतर मोबाइल फोन ले जाना वर्जित है। इसे बाहर ही जमा करना होगा। यदि किसी मतदाता का मतपत्र खराब हो जाता है, तो उस पर निर्णय लेने का अधिकार केवल प्रभारी मतदान अधिकारी के पास होगा।

# लक्ष्मीनारायण मंदिर और हरि मंदिर में श्रद्धा के साथ मनाया महाशिवरात्रि पर्व

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। सनातन धर्म सभा के संरक्षण में संचालित लक्ष्मीनारायण मंदिर एवं हरि मंदिर में महाशिवरात्रि का पावन पर्व बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर हरिद्वार से गंगाजल लेकर आए भारी संख्या में कांवड़ियों ने भगवान भोलेनाथ का विधि-विधान से अभिषेक किया। नगर के अन्य शिव भक्तों ने



भी दूध, दही और शहद आदि अर्पित कर महादेव की पूजा-अर्चना की, जिससे मंदिर परिसर में पूरे दिन भक्तों का मेला लगा रहा। सभा द्वारा कांवड़ियों का भव्य स्वागत किया गया और सभी के लिए लंगर प्रसाद का वितरण किया गया। भक्तों ने पूरी श्रद्धा के साथ बाबा भोलेनाथ के नाम का कीर्तन और भजन किया। सायंकाल और रात्रि काल में भगवान शिव का वैदिक विधि से विशेष अभिषेक संपन्न हुआ। महाशिवरात्रि के इस पावन अवसर पर सेवा प्रदान करने वालों और उपस्थित रहने वालों में सभा के सरपरस्त नन्द लाल भुड्डी, राहिताश बतरा, विधायक तिलक राज बेहड़, विधायक शिव अरोरा, महेश बबर, तिलक घई, विजय जग्गा, ओम प्रकाश अरोड़ा, विजय विरमानी, भूपेन्द्र अनेजा, शिवम जग्गा, दीपक अरोरा, सुरेश जग्गा, राकेश राजदेव, सुरेश राजदेव, आकांक्षा अनेजा, सुदेश ढींगरा शामिल रहे। साथ ही सभा की सभी इकाइयों के सदस्य, पदाधिकारी, महिला सत्संग मंडल के सदस्य, बंटी ग्रोवर, तिलक बावेजा, कंकड़ परिवार और करम चन्द सहित नगर के अन्य सेवादारों ने कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया।

# युवती का अपहरण करने वाले आरोपी मुस्लिम युवक को यूपी से किया गिरफ्तार

नैनीताल। नैनीताल जिले के भवाली कोतवाली पुलिस ने खैरना क्षेत्र से युवती का अपहरण करने वाले मुस्लिम युवक को यूपी के बिजनौर से गिरफ्तार कर रविवार को न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। युवती के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। रविवार को युवती के बयान के आधार पर पुलिस ने दुष्कर्म और मारपीट का भी केस दर्ज किया। कोतवाल प्रकाश सिंह मेहरा ने बताया कि खैरना क्षेत्र निवासी युवती के पिता ने तहरीर सौंपी थी। इसमें गरमपानी में नाई की दुकान में काम करने वाले सुहैल निवासी नेहटौर, बिजनौर, यूपी पर उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया था। तहरीर के बाद आरोपी की गिरफ्तारी और युवती को सकुशल बरामद करने के लिए टीम गई थी। कोतवाल मेहरा ने बताया कि शनिवार को आरोपी सुहैल को बिजनौर से गिरफ्तार कर युवती को सकुशल ढूंढ लिया है। युवती ने पुलिस को बताया कि सुहैल आठ महीने पहले शादी करने का झांसा देकर ले गया। वहां उसे कैद कर मारपीट करने के साथ घर नहीं आने दिया।

# डिसफॉरेस्ट प्रक्रिया शुरू करे सरकार: कैलाश पाण्डेय

लालकुआं (उद संवाददाता)। भाकपा माले के नैनीताल जिला सचिव कैलाश पाण्डेय ने प्रेस बयान जारी कर बिंदुखत्ता राजस्व गांव के मुद्दे पर प्रदेश सरकार और क्षेत्रीय विधायक को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने कहा कि कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज के हालिया बयान से स्पष्ट हो गया है कि बिंदुखत्ता को राजस्व गांव बनाने के लिए सबसे पहले भूमि को डिसफॉरेस्ट करने का काम करना होगा। कैलाश पाण्डेय ने सवाल उठाया कि राज्य में पिछले 9 वर्षों से भाजपा की सरकार होने और लालकुआं में भाजपा का विधायक होने के बावजूद अब तक डिसफॉरेस्ट की प्रक्रिया क्यों शुरू नहीं की गई। उन्होंने मुख्यमंत्री की 2011 और 2024 की घोषणाओं के विलोपित होने पर भी जवाब मांगा और विधायक पर जनता को वनाधिकार के नाम पर तीन साल तक धोखे में रखने का आरोप लगाया। कैलाश पाण्डेय ने कहा कि भाकपा माले का स्पष्ट मानना है कि राज्य सरकार को कैबिनेट और विधानसभा से डिसफॉरेस्ट करने का विधिसम्मत प्रस्ताव पारित कर केंद्र सरकार को भेजना चाहिए। केंद्र से अनापत्ति प्राप्त करने के बाद ही बिंदुखत्ता की वन भूमि को राजस्व भूमि में हस्तांतरण करने से राजस्व गांव का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि लालकुआं विधायक जनता को भ्रमित कर अपना कार्यकाल पूरा करने में जुटे थे, लेकिन 18 फरवरी को प्रस्तावित विशाल रैली की घोषणा से वह असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विधायक को जनता के बीच अपना रिपोर्ट कार्ड रखने के बजाय विपक्ष पर हमलावर होने के लिए माफी मांगनी चाहिए और विधानसभा में राजस्व गांव का प्रस्ताव पेश करना चाहिए। माले जिला सचिव ने जोर देकर कहा कि बिंदुखत्ता का इतिहास संघर्षों का रहा है और यहां की जनता ने हमेशा संघर्ष के बल पर ही अपने अधिकार हासिल किए हैं। उन्होंने कहा कि 18 फरवरी की विशाल रैली राज्य सरकार को राजस्व गांव की प्रक्रिया शुरू करने के लिए विवश करेगी। भाकपा माले ने बिंदुखत्ता की जनता से अपील की है कि वे 18 फरवरी की 'लालकुआं चलो' रैली में बढ़-चढ़कर शामिल हों और इसे सफल बनाएं।

# भोले बाबा के भक्तों की सेवा के लिए श्रद्धालु रहे उत्साहित

गदरपुर। भाजपा प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा द्वारा झगडपुरी चौक स्थित नेशनल हाईवे 74, पर शिवभक्तों की सेवा हेतु भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। सावन/कांवड़ यात्रा के दौरान आयोजित इस सेवा कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिवभक्तों, राहगीरों एवं स्थानीय श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया।प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा ने अपने परिवारजनों एवं क्षेत्रीय जनता के साथ मिलकर पूरे श्रद्धाभाव से भंडारे का संचालन किया। कार्यक्रम स्थल पर शिवभक्तों के लिए भोजन, जलपान एवं विश्राम की विशेष व्यवस्थाएँ की गईं,जिससे यात्रा कर रहे कांवड़ियोंको काफी राहत मिली।इस अवसर पर एसडीएम ऋचा सिंह, तहसीलदार लीना चंद्रा, पालिकाध्यक्ष मनोज गुंबर सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने सेवा कार्य की सराहना करते हुए इसे सामाजिक सद्भाव और धार्मिक आस्था का सुंदर उदाहरण बताया।प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा ने कहा कि शिवभक्तों की सेवा करना सौभाग्य की बात है और भविष्य में भी इस प्रकार के सेवा कार्य निरंतर जारी रहेंगे। कार्यक्रम में जनता की भारी सहभागिता देखने को मिली, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा।वहीं शिव मंदिर सती मठ मंदिर, सनातन धर्म मंदिर ,पुरातन सनातन मंदिर, राम मंदिर, शिव पार्वती मंदिर, बापू मंदिर, रामबाग के मंदिर सहित अन्य क्षेत्रों में भी शिवरात्रि पर्व पर आगंतुक कांवरियों की सेवा के लिए श्रद्धा भावना से इंतजाम किए गए। पुलिस प्रशासन भी सुरक्षा व्यवस्था एवं यातायात सुचारू रखने के लिए सजग रहा।





# पंत विवि ने विकसित की एंटी बैक्टीरियल प्लास्टिक तकनीक

पंतनगर(उद संवाददाता)। फूड प्रोसेसिंग और पैकेजिंग सहित सर्जिकल सिरिंज आदि में प्रयुक्त होने वाले प्लास्टिक उपकरणों के संक्रमित होने के चलते बार-बार स्टरलाइजिंग के झंझट से अब छुटकारा मिल जाएगा। विवि के वैज्ञानिक डॉ. एमजीएच जैदी और डॉ. रीता गोयल ने 11 वर्षों के अथक परिश्रम और विशेष तकनीक से जीवाणुरोधी प्लास्टिक बनाने में सफलता हासिल की है। बीते शनिवार को यह तकनीक बायोटेक कंसोर्शियम इंडिया लिमिटेड को हस्तांतरित की गई है। कुलपति सभागार में दोनों पक्षों के बीच एमओयू हस्ताक्षरित किया गया। डॉ. जैदी ने बताया कि वर्तमान में देश की जनसंख्या बढ़ने के साथ देश में लोगों की अस्पतालों पर निर्भरता और संक्रमण भी बढ़ रहा है। जनसंख्या अनुपात के अनुसार अस्पताल पर्याप्त नहीं हैं।, और न ही उनमें पर्याप्त मात्रा में सुविधाएं ही उपलब्ध हैं। नतीजतन अस्पताओं में भीड़ अधिक और मरीजों के विभिन्न प्रकार के संक्रमणग्रस्त होने के कारण माइक्रोबियल इन्फेक्शन भी बढ़ रहा है। सामान्यतया एक ही बैक्टीरिया के बहुत सारे स्टेन पाए जाते हैं। इन वैज्ञानिकों ने वर्ष 2020 में इस एंटी बैक्टीरियल प्लास्टिक को विकसित किया था। इसका उपयोग लैब में, जहां पर वायरस, बैक्टीरिया अथवा फंगस का कल्चर होता है, किया जा सकेगा। बताया कि लैब में जब हम किसी भी बैक्टीरिया का कल्चर करते हैं, तो उसके साथ में दूसरे पाइथोजन (जैसे फंगस) भी ग्रो हो जाते हैं। इससे माइक्रो बायोलॉजिस्ट कन्फ्यूज हो जाते हैं। एमओयू के दौरान कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान ने हर्ष व्यक्त करते हुए जीवाणुरोधी प्लास्टिक करने वाले वैज्ञानिकों की टीम को बधाई देते हुए बताया कि इस प्लास्टिक के निर्माण में जो भी पदार्थ व नैनो पार्टिकल्स पप्रयोग किए गये हैं, वह मानव हितैषी हैं।

# सट्टा खिलवाते दो सट्टेबाजों को पकड़ा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बनभूलपुरा कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र में अवैध सट्टे की खाईबाड़ी करने वाले 2 सट्टेबाजों को अलगख्रअलग कार्यवाहियों में गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार दिनेश सिह फर्त्याल प्रभारी निरीक्षक



बनभूलपुरा के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा बनभूलपुरा क्षेत्र मे चेकिंग के दौरान अलगख्रअलग कार्यवाहियों में दो अभियुक्तों को अवैध सट्टे की खाई बाड़ी करते हुए गिरफ्तार किया गया। जिनमें अभियुक्त शोहेल अख्तर पुत्र मो. जलीस अहमद निवासी लाइन नंबर 17 बनभूलपुरा को सट्टा पर्ची, पेन, गत्ता व नकदी 1670 रुपये के साथ गिरफ्तार किया गया। जबकि अखलाक हुसैन पुत्र अल्ताफ हुसैन निवासी आजादनगर, लाल मस्जिद के पास बनभूलपुरा को सट्टा पर्ची पेन गत्ता व नकदी 1240 रुपये के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ धारा 13 जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

आ गयी शुभ घड़ी, हुआ नव संचार,
पूज रहे सब नर नारी और सारा परिवार।
बाज रहे डमरू, बाज रहे नगाड़े,
भोले बाबा की बारात में नाच रहे हैँ सारे।
भव्य है आरम्भ, भीड़ है प्रचंड
सज गया है मंडप, हो रहा आह्वान।
आदि योगी अनंत शिव, शिव सत्य विशाल।
शून्य की पराकाष्ठा के शिव ही एक मिसाल।
नाग रुपी गहना और भस्म रमाए हैं,
बेलपत्र धूप दीप प्रिय अर्ध चंद्र मस्तक सोहे है ।
अद्भुत और शुभ समय देखो आज आया है,
शिवरात्रि के उत्सव को और भव्य बनाया है।
धाकड़ धामी जी के संग किया विमर्श-विचार,
विकास शर्मा जी ने दी रूद्र की नगरी को नयी पहचान,
लेकर महादेव का आशीर्वाद, किया त्रिशूल चौक का निर्माण।
देवभूमि की संस्कृति को दिया एक नया आकार,
रुद्रपुरवासी दे रहे असीम प्यार-आभार।
स्वप्न जो देखा था विकास शर्मा जी ने,
धाकड़ धामी जी का पाकर साथ,
किया आज साकार ,त्रिशूल चौक के रूप में,
रुद्रपुर के भविष्य को मिलेगा नया आकार।
देश का एकमात्र त्रिशूल चौक जो बन गया है खास।
सनातन धर्म की झलक मिलेगी,होगा नव निर्माण,
शिव कॉरिडोर के रूप में,जब मिलेगा एक और उपहार।
सज जायेगा ये चौक फिर से, बदलेगा रूप रंग,
उत्तराखंड प्रवेश द्वार रंगेगा सनातन- संस्कृति के रंग।
मैं निकेता कर रही हूं व्यक्त भावनाएं
अपनी और धन्यवाद रुपी विचार,
दे रही हूं अनंत शुभकामनायें
और अनंत आभार,
जैसे त्रिशूल चौक के रूप में
दिया हमको
अनमोल उपहार,
तत्पर रहे और अग्रसर रहें,
करें भव्य भविष्य निर्माण।
**- निकेता पाहुजा ,रुद्रपुर**



**आवश्यकता है**

**एक कुशल अनुभवी एकाउण्टेंट की। जिसे जीएसटी+टैक्स का अच्छा अनुभव हो। वेतन योग्यतानुसार। शीघ्र आफिस पर सम्पर्क करें।**

**पता-एसटीसी वैन्चर महिन्द्रा शोरूम के सामने किच्छा बाईपास रोड,रूद्रपुर**

**-सम्पर्क सूत्र-**
**9548200711**
**8218640588**

# बेहड़ ने आठ लाख की लागत के विकास कार्यों का किया लोकार्पण

किच्छा (उद संवाददाता)। किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ ने विधायक निधि से निर्मित लगभग आठ लाख रुपये की लागत के तीन विकास कार्यों का विधिवत फीता काटकर उद्घाटन किया। इन कार्यों के अंतर्गत वार्ड नंबर एक, बनखंडी फेस-चार फूलसूंगी में मंदिर में छत निर्माण कार्य जिसकी लागत दो लाख तेरह हजार रुपये है, ग्राम कनकपुर स्थित शिव मंदिर में चार लाख रुपये की लागत से टाइल्स व निर्माण कार्य तथा ग्राम आनंदपुर कटिंग स्थित दुर्गा कॉलोनी में दो लाख एक हजार रुपये की लागत से मंदिर निर्माण कार्य शामिल हैं। उद्घाटन कार्यक्रम में बड़ी





संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। उद्घाटन कार्यक्रमों के उपरांत महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर विधायक तिलक राज बेहड़ ने अपने रुद्रपुर स्थित आवास पर भगवान शिव की प्रतिमा पर जलाभिषेक कर दिन की शुरुआत की और इसके पश्चात उन्होंने क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में पहुंचकर दर्शन किए। विधायक तिलक राज बेहड़ ने नमक फैक्ट्री बंडिया, डाम क्षेत्र सहित अन्य स्थानों पर आयोजित भंडारों में सहभागिता कर प्रसाद वितरण किया और श्रद्धालुओं से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना। इस अवसर पर विधायक तिलक राज बेहड़ ने कहा कि महाशिवरात्रि का पर्व हमें आस्था, संयम और समाज सेवा की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थलों का विकास केवल पूजा-अर्चना तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सामाजिक एकता और सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने का माध्यम भी है। हमारी प्राथमिकता है कि विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की गति निरंतर बनी रहे और हर गांव व वार्ड तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचें। उन्होंने समस्त शिवभक्तों को महाशिवरात्रि एवं आगामी नवरात्रि पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए क्षेत्रवासियों के सुख-समृद्धि, शांति और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।

# कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने छोटा कैलाश में किया जलाभिषेक

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। आयुक्त कुमाऊं मंडल व सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत ने महाशिवरात्रि के अवसर पर छोटा कैलाश स्थित प्राचीन शिव मंदिर पहुंचकर भगवान शिव का विधिवत जलाभिषेक किया। इस दौरान उन्होंने कुमाऊं मंडल सहित समस्त क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि, शांति और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। दीपक रावत ने कहा कि भगवान शिव आस्था, तप और लोककल्याण के



प्रतीक हैं। उन्होंने मंदिर में उपस्थित श्रद्धालुओं से सामाजिक समरसता एवं जनसेवा के कार्यों में सक्रिय सहभागिता करने का आह्वान किया।आयुक्त ने छोटा कैलाश की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि यहाँ प्रतिवर्ष लाखों श्रद्धालु पहुँचते हैं और यह एक अद्भुत व अलौकिक तीर्थ स्थल है। उन्होंने महाशिवरात्रि पर्व पर दर्शन के लिए आए श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दीं और मंदिर परिसर में व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ ही विभिन्न क्षेत्रों से आए भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# लालकुआं में अवैध शराब की बिक्री को लेकर गहराया विवाद

## सामाजिक कार्यकर्ता पीयूष जोशी ने वीडियो साझा कर दिया अल्टीमेटम

लालकुआं (उद संवाददाता)। लालकुआं विधानसभा क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री को लेकर विवाद एक बार फिर तेज हो गया है। गौला गेट, देवरामपुर, हल्दुचौड़ सहित विभिन्न क्षेत्रों में अवैध रूप से कच्ची व देसी शराब बेचे जाने के आरोपों के बीच सामाजिक कार्यकर्ता एवं युवा नेता पीयूष जोशी और उनकी टीम लगातार सक्रिय नजर आ रही है। गौरतलब है कि इससे पूर्व पीयूष जोशी व उनकी टीम द्वारा हाईवे किनारे मोती नगर क्षेत्र में कथित रूप से बिक रही अवैध शराब का भंडाफोड़ किया गया था और उस कार्रवाई के बाद मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा। इसी क्रम में अब उनकी टीम ने बेरीपड़ाव गेट क्षेत्र में अवैध रूप से बिक रही देसी शराब का एक वीडियो सार्वजनिक रूप से साझा किया है जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में कथित तौर पर खुले में शराब की बिक्री दर्शाई गई है हालांकि प्रशासन की ओर से अभी तक वीडियो की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में शराब बिक्री के कई ठिकाने आम नागरिकों को ज्ञात हैं लेकिन इसके बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं हो पा रही है। नागरिकों के बीच यह चर्चा भी है कि यदि आम आदमी को प्रत्येक स्थान की जानकारी है तो संबंधित विभागों को भी इसकी जानकारी होना स्वाभाविक है। पीयूष जोशी ने कहा कि यदि एक सप्ताह के भीतर लालकुआं क्षेत्र में अवैध शराब के नेटवर्क पर निर्णायक कार्रवाई नहीं की गई तो व्यापक जनआंदोलन किया जाएगा। उन्होंने आबकारी विभाग और पुलिस प्रशासन से संयुक्त अभियान चलाकर सप्लाई चौन तक पहुंचने और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उधर आबकारी विभाग और पुलिस प्रशासन की ओर से अभी तक कोई औपचारिक बयान जारी नहीं किया गया है। क्षेत्र में लगातार उठ रहे सवालों के बीच अब निगाहें प्रशासनिक कार्रवाई पर टिकी हैं कि वायरल वीडियो और बढ़ते जनदबाव के बाद क्या ठोस कदम उठाए जाते हैं।

# वरिष्ठ भाजपा नेता रविकांत वर्मा का आकस्मिक निधन

किच्छा (उद संवाददाता)। ग्राम सैंजनी निवासी वरिष्ठ भाजपा नेता, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी एवं आत्मा परियोजना के अध्यक्ष रविकांत वर्मा का हृदयाघात से आकस्मिक निधन हो गया। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी एवं आत्मा परियोजना के अध्यक्ष रविकांत वर्मा के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए राजेश शुक्ला ने कहा कि रविकांत वर्मा का निधन भाजपा परिवार और किच्छा क्षेत्र के लिए एक अपूरणीय क्षति है। वह एक समर्पित भाजपा नेता, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी और आत्मा परियोजना के अध्यक्ष के रूप में समाज सेवा में सदैव सक्रिय रहे और उनका योगदान हमेशा याद रखा जाएगा। रविकांत वर्मा के निधन की



सूचना मिलते ही पूर्व जिलाध्यक्ष विवेक सक्सेना, पूर्व जिला उपाध्यक्ष राजेश तिवारी, मंडल अध्यक्ष मयंक तिवारी, ब्लॉक प्रमुख पति जितेंद्र गौतम, स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी जिला अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव, महामाया मिश्रा, अक्षय अरोरा, नीरज खुग्गर, युवा मोर्चा अध्यक्ष जसनीत कक्कड़, हरविंदर चुग, बंटी खुराना, पूर्व प्रधान दीपक मिश्रा, क्षेत्र पंचायत सदस्य नितिन यादव, ग्राम प्रधान वेदप्रकाश, डी एन यादव, भूपेंद्र सिंह, संजीव सिंह, दिनेश शुक्ला, किसान मोर्चा अध्यक्ष जोगेंद्र सिंह जिंदू, पंकज ठुकराल, मोहित गुप्ता, धर्मेंद्र शाही, खंड कार्यवाह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ किच्छा गुंजन कुमार सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उनके आवास पर पहुंचे और परिजनों को ढांढस बंधाया।

# स्वयंसेवकों ने यातायात और स्वास्थ्य के प्रति जगाई अलख

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। सिक्स सिग्मा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस, रुद्रपुर के दिनेशपुर में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन सामाजिक सरोकार और स्वास्थ्य जागरूकता के विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। हरि मंदिर और श्री गुरु चांद विद्या मंदिर में आयोजित इन गतिविधियों से स्थानीय निवासियों को सीधा लाभ पहुँचा। दिन की शुरुआत स्वयंसेवकों द्वारा योग अभ्यास और स्वच्छता अभियान के साथ की गई, जिसके पश्चात एक विशाल सड़क यातायात जागरूकता रैली निकाली गई। इस रैली के माध्यम से स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों और राहगीरों को हेलमेट के अनिवार्य उपयोग, सीट बेल्ट लगाने, गति सीमा का पालन करने और यातायात अनुशासन के महत्व के प्रति जागरूक किया।स्वास्थ्य सेवाओं के क्रम में संस्थान द्वारा श्आई साइट आई हॉस्पिटल एंड लासिक लेजर सेंटरश, रुद्रपुर के सहयोग से एक निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने अपनी आँखों की जाँच कराई और विशेषज्ञों से परामर्श प्राप्त किया। कार्यक्रम में पैरामेडिकल विभाग के गुरजोत सिंह ने अपना विशेष सहयोग प्रदान किया। शिविर के दोपहर के सत्र में श्किड्स पैराडाइज सीनियर सेकेंडरी स्कूलश के प्रधानाचार्य गिरीश प्रसाद ने




स्वयंसेवकों को संबोधित किया। उन्होंने श्सकारात्मक सोचश विषय पर एक प्रेरक व्याख्यान देते हुए छात्र-छात्राओं को जीवन में सही दृष्टिकोण अपनाने पर जोर दिया।इस अवसर पर संस्थान प्रमुख डॉ. ललित सिंह बिष्ट, सी.ए. ओ. अनुभव बाठला, साहिल छाबड़ा, सोमेंद्र सिंह, मनीष यादव, दोनों इकाइयों के कार्यक्रम अधिकारी ललित भट्ट, दीपिका नेगी, चंदन सिंह राणा सहित स्थानीय गणमान्य व्यक्ति और बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# प्राथमिक विद्यालय में बच्चों के अधिकारों को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

गदरपुर (उद संवाददाता)। सचिव के आदेशानुसार राजकीय आदर्श प्राथमिक विद्यालय, आदर्श नगर में नालसा बच्चों के लिए मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं योजना 2024 के अंतर्गत एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक नूर आलम ने की। इस अवसर पर सूरज सिंह डसीला, एहसान अंसारी एवं गोविदी भंडारी भी उपस्थित रहे। जागरूकता कार्यक्रम में पैनल अधिवक्ता



मंजू सरकार तथा प्राविधिक कार्यकर्ता कुंवर सिंह, मीना, सोनामती घोष एवं कुमारी दीपा ने छात्र-छात्राओं को बच्चों के अधिकारों, कानूनी हकों, उपलब्ध विधिक उपायों एवं कर्तव्यों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।विशेषज्ञों ने बच्चों को बाल तस्करी, बाल संरक्षण और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से प्राप्त होने वाली निःशुल्क विधिक सेवाओं के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही नालसा टोल-फ्री नंबर एवं चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर के संबंध में भी जागरूक किया गया ताकि आवश्यकता पड़ने पर बच्चे इन सेवाओं का लाभ ले सकें। कार्यक्रम में कुल 67 प्रतिभागियों की उपस्थिति रही। तहसील गदरपुर की टीम संख्या-6 से मीना की इस आयोजन में विशेष सहभागिता रही। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं विद्यालय परिवार ने विधिक सेवा टीम का आभार व्यक्त किया।

# खटीमा सिविल न्यायालय में अधिवक्ता चैम्बर का सीएम ने किया लोकार्पण

खटीमा (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एक करोड़ की लागत से खटीमा सिविल न्यायालय में अधिवक्ताओं हेतु नव निर्मित चैम्बर का फीता काटकर व दीप प्रज्वालित कर लोकार्पण किया। कार्यक्रम में सम्बोधित करते हुए माननीय मुख्यमंत्री ने अधि के आस पास से आने वाले अधिवक्ताओं के लिए व आम जन के लिए लाभकारी सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि देश के प्रधनमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने जो पुराने गैर जरूरी व अंग्रेजो के जमाने से चले आ रहे कानूनों को हटाकर वर्तमान परिस्थितियों के अनुरूप भारतीय न्याय संहिता 2023, बनाने की दिशा में क्रन्तिकारी परिवर्तन किये गए है। उन्होंने कहा की आज न्यायलयों में तकनीकी के प्रभावी उपयोग ने न केवल समय की बचत की है बल्कि प्रक्रियाओं को अधिक पारदर्शी और सुरक्षित बनाया है। जिससे न्याय प्रक्रिया पहले से अधिक विश्वसनीय वैज्ञानिक रहे है। उन्होंने कहा खटीमा का हर क्षेत्र में विकास किया जायेगा।माननीय मुख्यमंत्री ने अधिवक्ताओं के लिए 20 नए चौंबर बनाने हेतु 02 करोड़ 50 लाख रुपए देने की घोषणा की।कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य,विधायक गोपाल सिंह राणा, नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र







वक्ताओं को महाशिवरात्रि पर्व व नए चैम्बर बनने की बधाई व शुभकामनायें दीं। उन्होंने कहा कि नया चौम्बर अधिवक्ताओं के लिए न्यायिक विमर्श व विधि अध्ययन का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा तथा न्यायिक कार्य सरलता से व त्वरित होंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेर्तत्व न्याय व्यवस्था को और पारदर्शी बनाने हेतु कई महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे है। उन्होंने कहा कि खटीमा व खटीमा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 लागू करने का ऐतिहासिक काम किया है। जिससे न्यायिक व्यवस्था प्रभावी हो रही है, ई-कोट्स प्रोजेक्ट, नेशनल ज्यूडिसियल डाटाक्रेट, फास्टट्रेक, स्पेशल कोर्ट, महिला एवं बाल अपराधों के लिए त्वरित न्याय तंत्र, ऑनलाइन के माध्यम से सुनवाई और डिजिटल केस मैनेजमेंट सिस्टम जैसी पहलों के द्वारा न्याय व्यवस्था को और अधिक तेज और सुगम और प्रामाणिक बनी है। मुख्यमंत्री ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने के पश्चात देश भर में लगभग 7 हजार से अधिक कोर्ट का व 11 हजार आवासीय इकाइयों का निर्माण किया गया है, जो अपने आप में एक बहुत बड़ा रिकॉर्ड है। उन्होंने कहा कि हम प्रधानमंत्री जी से प्रेरणा लेकर उत्तराखंड में भी न्याय व्यवस्था को आधुनिक स्वरूप देने,विधि शिक्षा को और सुदृढ़ बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर जोशी, दर्जा मंत्री अनिल कपूर डब्बू, शंकर कोरंगा,जिला जज सिकंद कुमार त्यागी, जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति, अपर जिला जज मंजू सिंह मुंडे, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय,बार एसोसिएशन अध्यक्ष सूरज प्रकाश राणा, सचिव भरत पांडे, अधिवक्ता गोपाल सिंह बिष्ट, के डी भट्ट सहित अधिवक्तागण, जनप्रतिनिधि,जनता मौजूद थे।

SAHAS Homoeo
साहस होम्यो मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक
जर्मन तथा सभी प्रकार के होम्योपैथिक व बायोकैमिक दवाईयों के विक्रेता

डॉ. यश पाण्डेय
होम्योपैथिक फिजिशियन
बी.एच.एम.एस., जयपुर
चर्म रोग | गुर्दा रोग | पेट रोग
गुदा रोग | लिवर सम्बन्धि रोग
अन्य रोग • स्पान्डीलाईटिस • स्वास रोग • मोटापा • दमा • प्रोस्टेट • माइग्रेन • टान्सिल • एलर्जी • ब्रोनकाइटिस
बच्चों के रोग • पेट का दर्द • अपच • कान में संक्रमण / दर्द • खांसी • जुकाम • निमोनिया • बुखार • दांत निकलना
साहस होम्यो क्लीनिक
निकट गुरुद्वारा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी
मो. 9456727473, 9410514531 शनिवार अवकाश

# प्रदेश के सभी जनपदों में सर्किल, थाना एवं चौकी स्तर पर चलेगा वैरिफिकेशन अभियान : डीजीपी

देहरादून। कानून व्यवस्था पर मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के सख्त निर्देशों के अनुपालन में पुलिस ने प्रदेश में संदिग्ध व्यक्तियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने हेतु सघन सत्यापन प्रारंभ किया है। यह विशेष अभियान प्रदेश के सभी जनपदों में सर्किल, थाना एवं चौकी स्तर पर संचालित किया जाएगा । पुलिस महानिदेशक श्री दीपम सेठ ने कहा है कि बगैर पुलिस सत्यापन कराए कियरायेदारी कराने अथवा संदिग्ध व्यक्तियों को आश्रय देने पर विधिसम्मत कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। सत्यापन अभियान के अंतर्गत मल्टी स्टोरी अपार्टमेंटस, आश्रम, धर्मशालाएं, किराये के मकान, फ्लैट, पीजी, होम-स्टे, होटल एवं गेस्ट हाउस में निवासरत व्यक्तियों का वैरिफिकेशन किया जाएगा। प्रॉपर्टी डीलर, रियल एस्टेट एजेंट एवं ब्रोकर का सत्यापन सुनिश्चित किया जाएगा तथा उनके माध्यम से कराए गए किरायेदारी अनुबंधों की जांच की जाएगी। होम डिलीवरी सेवाओं, ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म से जुड़े डिलीवरी एजेंटों, सिक्योरिटी एजेंसी स्टाफ, कैब संचालकों तथा इंडस्ट्रियल एरिया में ठेकेदारों का विशेष सत्यापन अभियान चलाया जाएगा। Amazon Zomato Blinkit सहित विभिन्न ऑनलाइन सेवाओं से संबद्ध कार्मिकों की पहचान एवं सत्यापन प्रक्रिया को प्राथमिकता दी जाएगी।पुलिस की तरफ से कहा गया



है कि अभियान के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान हेतु आधुनिक तकनीकी साधनों एवं केंद्रीय डाटाबेस का उपयोग किया जाएगा। National Intelligence Grid (NATGRID) CCTNS ICJS सहित अन्य केंद्रीय/राज्य सुरक्षा पोर्टलों के माध्यम से सूचना मिलान एवं सटीक विश्लेषण किया जाएगा। अवैध रूप से निवास कर रहे प्रवासियों, विशेष रूप से अवैध घुसपैठियों, बांग्लादेशी तथा वीजा अवधि समाप्त होने के उपरांत भी ठहरे हुए विदेशी नागरिकों की पहचान कर उनके विरुद्ध प्रासंगिक वैधानिक प्रावधानों के अंतर्गत कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।प्रदेश के समस्त रिहायशी क्षेत्रों, मॉल, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, सर्विस सेंटर, कोचिंग संस्थान, जिम, स्कूल, विश्वविद्यालय, ट्रांसपोर्ट एजेंसियों, ब्यूटी पार्लर एवं सैलून आदि प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी कैमरों की उपलब्धता, उनकी कार्यशील स्थिति एवं रिकॉर्डिंग व्यवस्था का परीक्षण किया जाएगा। तैनात सुरक्षा कर्मियों का चरित्र सत्यापन कर उन्हें आवश्यक सुरक्षा ब्रीफिंग प्रदान की जाएगी।क्षेत्रों में निवासरत एकल नागरिकों एवं वरिष्ठ नागरिकों का चिन्हीकरण कर उनकी सुरक्षा व्यवस्था का मूल्यांकन किया जाएगा। उनकी सेवा में लगे घरेलू सहायकों, केयर-टेकर, ड्राइवर एवं अन्य सहयोगी कार्मिकों का भी अनिवार्य सत्यापन सुनिश्चित किया जाएगा। अभियान के दौरान जनपदीय पुलिस, स्थानीय अभिसूचना इकाई, एसओजी एवं एसटीएफ द्वारा समन्वित रूप से कार्रवाई की जाएगी। प्राप्त सूचनाओं का विश्लेषण कर आवश्यकतानुसार अन्य राज्यों एवं केंद्रीय एजेंसियों से समन्वय स्थापित किया जाएगा। प्रत्येक थाना स्तर पर विशेष फील्ड टीमों का गठन किया गया है। सीओ से लेकर आईजी रेंज स्तर तक समीक्षा व्यवस्था लागू की गई है। पुलिस महानिदेशक ने कहा है कि उत्तराखण्ड पुलिस का यह व्यापक अभियान महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों एवं स्थानीय निवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। पूरे अभियान की मानिटरिंग के साथ-साथ हर स्तर पर जवाबदेही तय की गई है। आपराधिक तत्वों के साथ सख्ती से निपटा जाएगा।

# थाल सेवा की 30 लाख वीं थाली आईजी ने की समर्पित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। लिटिल मिरेकल फाउंडेशन यानि थाल सेवा की 30 लाख थाली जरूरतमंदों को बांटने का माइल स्टोन पार कर लिया।आई.जी. पुलिस कुमाऊं रिद्धिम अग्रवाल इस पुण्य सेवा कार्य की साक्षी बनी और उनके द्वारा थाल सेवा में आकर भोजन वितरण का कार्य किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बिना किसी स्वार्थ के जरूरतमंदों को 5 रुपए में भोजन कराना आज के समय में कठिन सेवा कार्य है। लेकिन जन सहयोग से ये सेवा कार्य का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करता है। टीम थाल सेवा अक्टूबर 2018 से बिना रुके सोशल मीडिया से क्राउड फंडिंग के जरिए डा. सुशीला तिवारी हॉस्पिटल के पास चल रही है और अस्पताल में आने वाले तीमारदारों को केवल 5 रुपये में भोजन उपलब्ध



करवाती है।संस्था के सदस्यों में राजीव वाही, राजीव बग्गा व रक्षित वर्मा ने आई जी रिद्धिम अग्रवाल का आभार प्रकट करते हुए उन्हें पौधा भेंट किया और उन्हें वस्त्र सेवा, उपचार सेवा और अन्य सेवाओं की जानकारी दी।सदस्य प्रवीण मित्तल ने भोजन निर्माण और संजय बग्गा ने भोजन वितरण संबंधी जानकारी दी। थाल सेवा के संस्थापक अध्यक्ष दिनेश मानसेरा ने बताया कि समाज से लोग जन्मदिन, विवाह दिवस और अन्य स्मरणीय दिवसों के जरिए थाल सेवक के रूप में हमसे जुड़कर अपना सहयोग देते है। इस अवसर पर रीना मानसेरा, कनिका वासुदेवा, स्वाति कपूर, पूजा बग्गा, उमंग वासुदेवा, अतुल वर्मा, प्रो. केके पांडे, सरयू प्रसाद, दिनेश आर्य, महेंद्र जड़ोत, नीरज जोशी, आदि मौजूद रहे।

# छोटा कैलाश में उमड़ा आस्था का सैलाब

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल छोटा कैलाश में शिवभक्तों का भारी सैलाब उमड़ पड़ा। भगवान आशुतोष के दर्शन और जलाभिषेक के लिए तड़के से ही श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला शुरू हो गया, जो दिन चढ़ने के साथ-साथ बढ़ता ही गया। मंदिर परिसर हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारों से पूरी तरह गुंजायमान रहा। पर्व के अवसर पर सुबह से ही मंदिर में भक्तों की लंबी-लंबी कतारें दिखाई दीं। श्रद्धालुओं ने अपनी बारी का इंतजार किया और शिवलिंग पर गंगाजल, दूध, बेलपत्र, धतूरा और पुष्प अर्पित कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए यातायात और पार्किंग के




भी विशेष प्रबंध किए गए थे। आसपास के क्षेत्रों से आए हजारों भक्तों ने पूजा-अर्चना के बाद मंदिर परिसर में लगे मेले का भी आनंद लिया। शिवरात्रि को लेकर भक्तों में भारी उत्साह देखा गया और देर शाम तक जलाभिषेक का क्रम निरंतर जारी रहा।

# भीमपुरी में कृषिरत महिलाओं का हुआ कौशल विकास

पंतनगर (उद संवाददाता)। अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना-कृषिरत महिलाएं, गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा अनुसूचित जाति उपयोजना के अंतर्गत तीन-दिवसीय क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन भीमपुरी गांव, कोटाबाग ब्लॉक में किया गया। आईसीएआर-केंद्रीय महिला कृषि संस्थान, भुवनेश्वर के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के कौशल विकास एवं आजीविका संवर्धन को बढ़ावा देना था। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस पर प्रतिभागियों को हर्बल गुलाल एवं धूप निर्माण का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। सुंदरम स्वयं सहायता समूह, जवाहर नगर की सचिव राधा पांडे ने गुग्गल, लौंग, गोबर, लकड़ी का बुरादा एवं सूखे फूलों से कम लागत में धूप निर्माण की विधि समझाई। इसी दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी पूजा गोस्वामी एवं एएनएम सुमित्रा आर्या ने स्वास्थ्य एवं स्वच्छता



विषय पर ग्रामीण महिलाओं को आवश्यक जानकारी प्रदान की। द्वितीय दिवस पर मशरूम उत्पादन विषयक प्रशिक्षण आयोजित किया गया, जिसमें पंतनगर विश्वविद्यालय के प्राध्यापक डा. एस.के. मिश्रा ने मशरूम की वैज्ञानिक खेती, उत्पादन प्रक्रिया तथा विपणन के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। इसके अतिरिक्त नैनीताल डिस्ट्रिक्ट को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड के शाखा प्रबंधक राहुल कुमार ने ग्रामीण महिलाओं के लिए संचालित बैंक योजनाओं और वित्तीय सहायता के अवसरों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंतिम दिवस पर विश्वविद्यालय की प्राध्यापक डा. मनीषा गहलौत ने प्राकृतिक रंगाई का प्रशिक्षण प्रदान किया, जिसमें प्राकृतिक स्रोतों से रंग तैयार करने तथा वस्त्रों पर उनके उपयोग की तकनीक सिखाई गई।समापन अवसर पर 30 प्रतिभागी महिलाओं को कृषि कार्य हेतु आवश्यक सामग्री जैसे बाल्टी, खुर्पी, दरांती, फावड़ा, स्प्रेयर पंप, पाइप एवं क्रेट आदि वितरित किए गए। इस तीन-दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन इकाई समन्वयक डा. मनीषा गहलौत, वैज्ञानिक डा. अनिल कुमार एवं उनकी शोध टीम डा. बीनू सिंह, डा. कल्पलता पंत एवं ग्राम प्रधान वर्षा चन्याल के सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम के समापन पर प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी बताते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों की अपेक्षा व्यक्त की।







# सरस मेले में दूसरे दिन बॉलीवुड नाइट का जलवा

## हास्य कवि सुरेंद्र शर्मा की कविताओं पर खूब लगे ठहाके, संकल्प खेतवाल के लोकगीतों पर देर रात तक झूमे दर्शक

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। गांधी पार्क में आयोजित सरस आजीविका मेला एवं यूएस कार्निवल के दूसरे दिन सांस्कृतिक संध्या के अंतर्गत आयोजित बॉलीवुड नाइट कार्यक्रम ने मेले में उपस्थित जनसमूह को मनोरंजन से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विख्यात हास्य कवि सुरेंद्र शर्मा रहे, जिनकी विशिष्ट शैली और व्यंग्यपूर्ण हास्य कविताओं ने श्रोताओं को खूब गुदगुदाया। उन्होंने अपनी चिर-परिचित शैली में सामाजिक और पारिवारिक स्थितियों पर तीखे कटाक्ष किए, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। इससे पूर्व कार्यक्रम में पारंपरिक रंगों का समावेश करते हुए फूलों की होली का मनमोहक आयोजन किया गया, जिसने पूरे वातावरण को भक्ति और उल्लास से भर दिया। फूलों की इस होली के दृश्य ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। सांस्कृतिक संध्या के अगले चरण में उत्तराखंड के सुप्रसिद्ध लोक कलाकार संकल्प खेतवाल ने मंच संभाला। संकल्प खेतवाल की शानदार प्रस्तुति और सुरीले पहाड़ी गीतों ने दर्शकों





में ऐसा जोश भरा कि लोग अपनी सीटों पर खड़े होकर देर रात तक झूमते रहे। आधुनिक और पारंपरिक संगीत के तालमेल पर आधारित उनकी प्रस्तुतियों ने युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक को प्रभावित किया। मेले में उमड़ी भारी भीड़ ने न केवल खरीदारी का आनंद लिया, बल्कि इन सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से मनोरंजन का भी भरपूर लाभ उठाया। इससे पूर्व कृषि एवं पशुपालन उत्सव के अंतर्गत किसानों और कृषि विशेषज्ञों के मध्य एक महत्वपूर्ण संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कृषि विभाग द्वारा एक दिवसीय कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रीष्मकालीन धान के विकल्प के रूप में मक्का एवं अन्य वैकल्पिक फसलों के उत्पादन को बढ़ावा देने पर विस्तृत चर्चा की गई। गोष्ठी में लगभग 120 कृषकों ने प्रतिभाग किया। उद्यान विभाग द्वारा कृषकों के लिए जनपद के ड्रैगनफ्रूट की खेती में महारत रखने वाले कृषक यतिन सिंगल द्वारा अपने अनुभव ड्रैगन फ्रूट की फसल से होने वाले लाभ और उसकी वर्तमान में उपयोगिता स्वास्थ्य संबंधी लाभ एवं विपणन के संबंध में विस्तृत रूप से उपस्थिति के कृषकों को अवगत कराया, इसके साथ ही सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली योजना के संबंध में पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक डॉक्टर धीरज द्वारा विभिन्न औद्योनिकी फसलों एवं गन्ने की खेती में सुक्ष्म सिंचाई प्रणाली से होने वाले लाभ उसे पर विभाग द्वारा दी जा रही राजसहायता इत्यादि के संबंध में जानकारी दी गई जिसमें उपस्थित किसानों द्वारा अपने जिज्ञासाओं के संबंध में भी प्रश्न पूछे गए जिनका संबंध में वैज्ञानिकों द्वारा मौके पर ही जानकारी प्रदान की गयी। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में गोविन्द वल्लभ पंत कृषि एवं प्रोद्योगिकी विश्व विद्यालय पंतनगर के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. आर. पी. सिंह ने किसानों को ग्रीष्मकालीन मक्का एवं गन्ना फसल उत्पादन से संबंधित उन्नत तकनीकों, आधुनिक कृषि पद्धतियों एवं बेहतर उत्पादन के उपायों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने किसानों को जलवायु के अनुरूप फसल विविधीकरण अपनाने एवं वैज्ञानिक तरीकों से खेती कर आय में वृद्धि करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान विकास खण्ड जसपुर के 17, काशीपुर के 5, बाजपुर के 19, गदरपुर के 12, रुद्रपुर के 53, सितारगंज के 8 एवं खटीमा के 7 कृषकों को विभिन्न विभागीय योजनाओं के अंतर्गत लाभान्वित भी किया गया। सरस मेला न केवल ग्रामीण आजीविका को सशक्त करने का माध्यम बन रहा है, बल्कि कृषि, पशुपालन एवं उद्यमिता जैसे क्षेत्रों में नवाचार एवं ज्ञान के आदान-प्रदान का प्रभावी मंच भी सिद्ध हो रहा है। यह आयोजन स्थानीय किसानों, स्वयं सहायता समूहों एवं ग्रामीण उद्यमियों को आत्मनिर्भर बनने की दिशा में प्रेरित कर रहा है। इस अवसर पर विधायक शिव अरोरा, ब्लॉक प्रमुख ज्योति ग्रोवर, जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी, मुख्य शिक्षा अधिकारी के एस रावत, जिला प्रोवेजन अधिकारी व्योमा जैन, जिला अल्प संख्यक कल्याण अधिकारी नंदनी तोमर सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी और भारी संख्या में दर्शक मौजूद थे।







# विस्थापितों को मालिकाना हक के लिए सीएम को सौंपा ज्ञापन

गूलरभोज। पंतनगर एयरपोर्ट पर सांसद अजय भट्ट, भाजपा प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात की। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष गूलरभोज सतीश चुघ भी मौजूद रहे। इस दौरान गूलरभोज के विस्थापितों को तत्काल प्रभाव से भूमि का स्वामित्व अधिकार देने की महत्वपूर्ण मांग उठाई गई। अजय भट्ट और गुंजन सुखीजा ने मुख्यमंत्री को सौंपे गए पत्र में विस्तार से अवगत कराया कि वर्ष 1962 के दौरान जलाशय निर्माण के लिए विस्थापितों की 1203 एकड़ उपजाऊ धरी भूमि अधिगृहित की गई थी। इसके बदले में प्रभावित परिवारों को भूमि तो आवंटित कर दी गई, लेकिन दशकों बीत जाने के बाद भी उन्हें आज तक मालिकाना हक प्राप्त नहीं हो सका है। पत्र के माध्यम से बताया गया कि 70 के दशक में वन विभाग की 685 एकड़ भूमि को सिंचाई विभाग द्वारा लिया गया था। चूंकि यह पूरा प्रकरण वन संरक्षण अधिनियम 1980 के लागू होने से पहले का है, इसलिए इस भूमि को तत्काल राजस्व अभिलेखों में दर्ज किया जाना विधिक रूप से उचित है। वर्तमान में इस 685 एकड़ भूमि पर सैकड़ों परिवार अपने पक्के आवासों, दुकानों और कृषि कार्यों के माध्यम से जीवन यापन कर रहे



हैं। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को यह भी बताया कि इसी भूमि के 30 एकड़ भूखंड पर नगर पंचायत गूलर भोज के चार वार्ड स्थित हैं, जहां सरकार द्वारा करोड़ों रुपये के विकास कार्य कराए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत गोविंदपुर, कोपा और कुल्हा सहित कई क्षेत्रों में रेलवे स्टेशन, स्वास्थ्य केंद्र, अनाज मंडी और स्कूल जैसे महत्वपूर्ण सरकारी संस्थान लंबे समय से संचालित हैं। जनभावनाओं और विस्थापितों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मौके पर मौजूद जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया को तत्काल इस पूरे प्रकरण की गहन जांच करने और विस्थापितों के हित में तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए हैं। मामले को गंभीरता से लेने पर भाजपा प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्ष 1962 से जलाशय निर्माण के कारण अपनी उपजाऊ भूमि गंवाने वाले परिवारों के साथ न्याय होना आवश्यक है। गुंजन सुखीजा ने स्पष्ट किया कि विस्थापितों को आवंटित की गई भूमि का मालिकाना हक न मिलना एक लंबी कानूनी और प्रशासनिक समस्या रही है, जिसका समाधान अब अंतिम चरण में है। गुंजन सुखीजा ने कहा कि गूलरभोज के सैकड़ों परिवार पिछले कई दशकों से इस भूमि पर पक्के मकान, दुकान और खेती के माध्यम से अपना जीवन यापन कर रहे हैं। यहाँ तक कि सरकारी संस्थान, स्कूल और स्वास्थ्य केंद्र भी इसी भूमि पर संचालित हो रहे हैं, ऐसे में जनता को मालिकाना हक देना उनके भविष्य की सुरक्षा के लिए अनिवार्य है। उन्होंने मुख्यमंत्री द्वारा जिलाधिकारी को दिए गए त्वरित जांच और कार्रवाई के निर्देशों का स्वागत करते हुए कहा कि भाजपा सरकार जनहित के मुद्दों पर संवेदनशील है और विस्थापितों को उनका अधिकार दिलाकर ही दम लेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि जल्द ही गूलरभोज की जनता को अपनी ही जमीन का कानूनी स्वामित्व प्राप्त होगा जिससे क्षेत्र के विकास को और अधिक गति मिलेगी। नगर पंचायत अध्यक्ष सतीश चुघ ने कहा कि विस्थापितों को उनका वाजिब हक दिलाना उनकी चुनावी घोषणा का मुख्य हिस्सा था और वर्तमान सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने विस्थापितों की इस पुरानी मांग पर सकारात्मक रुख दिखाने के लिए मुख्यमंत्री,सांसद अजय भट्ट और भाजपा प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर क्षेत्र के कई अन्य जनप्रतिनिधि और विस्थापित परिवारों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे जिन्होंने मुख्यमंत्री के निर्देशों के बाद जल्द समाधान होने की उम्मीद जताई है।

# छात्रों ने वेधशाला में जाने सौर मंडल के रोमांचक रहस्य

रूद्रपुर। पीएमसी अटल उत्कृष्ट आदित्यनाथ झा राजकीय इंटर कॉलेज रुद्रपुर के कक्षा 12 के 106 छात्रों ने शैक्षिक एक्सपोजर विजिट के तहत आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान नैनीताल का भ्रमण किया। नैनीताल के मनोरा पीक स्थित इस वेधशाला में विश्व प्रसिद्ध दूरबीन तथा सौर मंडल से संबंधित जानकारी से सभी छात्र काफी रोमांचित हुए। देवस्थान परिसर में छात्रों ने भारत की सबसे बड़ी ऑप्टिकल दूरबीन को देखा तथा उसकी कार्य शैली के बारे में विस्तार से जानकारी



प्राप्त की। शोध वैज्ञानिक विंस्टन तथा वेधशाला के प्रसार अधिकारी मोहन सिंह ने छात्रों को वेधशाला की बारीकियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रकाश प्रदूषण के बारे में जानकर सभी छात्र काफी रोमांचित हुए। छात्रों ने भौतिक विज्ञान के कई सिद्धांतों के बारे में यहां की दूरबीनो का भौतिक प्रयोग करके जानकारी प्राप्त की। इसके साथ-साथ छात्रों ने संस्थान के विभिन्न शोध भवन, संग्रहालय तथा प्रशासनिक परिसरों का भी भ्रमण किया। भ्रमण दल में गिरीश शर्मा, यतेंद्र सिंह, भुवन चंद्र जोशी, राघवेंद्र प्रताप सिंह शामिल रहे।

# सांस्कृतिक नगरी में मौसम के साथ बदलते है होली के रंग

**-तीन माह तक पांच राग में होता है होली का गायन**
**-पौष माह से उत्तरायणी तक निर्वाण पथ, बसंत पंचमी तक प्रकृति आधारित**
**-बसंत पंचमी से शिवरात्रि तक श्रंगारी और होली तक रंग भरे होते हैं राग**
**-छलड़ी पर विदाई राग की होली के साथ होता है समापन**



**-रमेश जड़ौत-**

अल्मोड़ा। सांस्कृतिक नगरी अल्मोड़ा की राते इन दिनों होली के गीतों से गूंज रही हैं। राग से रंग तक पहुंचने के लिए इस शहर की होली को करीब तीन महीने लगते हैं। यही वक्त कुमाउनी होली को देशभर की होलियों से अलग रंग में पिरोता है। डेढ़ सौ साल पहले बैठकी और खड़ी होली के रूप में शुरू हुए इस राग-फाग ने कई पीढ़िया देखीं लेकिन इसका महत्व बढ़ता ही गया। कुमाऊं में होली गायन की परंपरा 165 वर्ष पूर्व अल्मोड़ा से शुरू हुई थी। अल्मोड़ा में पौष मास से फागुन तक तीन माह में पांच अलग-अलग चरणों में बैठकी और खड़ी होली का गायन होता है। पहला चरण आध्यात्मिक होली का है, जो पौष मास के प्रथम रविवार से बसंत पंचमी तक चलने वाली इस होली में निर्वाण पद गाए जाते हैं। दूसरा चरण बसंत पंचमी से महाशिवरात्रि के एक दिन पूर्व तक का है। इसमें प्रकृति आधारित गीत गाए जाते हैं। इसे श्रृंगारिक होली कहते हैं। तीसरा चरण महाशिवरात्रि से होलिका दहन तक चलता है। इसमें रंग भरे राग में हंसी-ठिठोली के गीत गाए जाते हैं। इसके साथ ही खड़ी होली के रंग भी बरसने लगते हैं। आखिरी राग है विदाई राजग, ये राग छलड़ी में होली का समापन पर गाया जाता है। वहीं, यहां तीन विधाओं में होली गायन होती है। जिसमें पहली बैठकी दूसरी खड़ी और तीसरी महिलाओं की होली है। इनमें सभी रागों की होली शामिल होती है। बैठकी होली में शास्त्रीय संगीत पर आधारित रागों का गायन होता है। तीसरी होली महिलाओं पर आधारित है। इस दौरान महिलाएं हंसी-मजाक के रंगों के साथ नृत्य में सराबोर रहती हैं। **उस्ताद अमानत हुसैन ने की थी होली की शुरुआत :** वरिष्ठ रंगकर्मी राजेंद्र प्रसाद तिवारी बताते हैं कि अल्मोड़ा में वर्ष 1860 में बैठकी होली की शुरुआत उस्ताद अमानत हुसैन नामक एक कलाकार ने की थी। सभी समुदाय के लोग बढ़ चढ़कर होली गायन में भागीदारी करते थे। अल्मोड़ा में श्री भंडार हुक्का क्लब, त्रिपुरा सुंदरी और रानीधारा में होली गायन की शुरुआत हुई थी। **इन रागों का भी है खास महत्व :** तीन महीने चलने वाले होलियों के रंग के अलावा और भी कई राग कुमाउनी होली में हैं। पीलू, भैरवी, श्याम कल्याण, काफी, परज, जंगला काफी, खमाज, जोगिया, देश विहाग व जै-जैवंती आदि शास्त्रीय रागों पर विविध वाद्य यंत्रों के साथ यहां होली गायी जाती है। **बनारस और मथुरा की होली से समानता :** वरिष्ठ रंगकर्मी अनिल सनवाल ने बताया कि अल्मोड़ा की होली पूरे कुमाऊं में अलग स्थान रखती है। हालांकि इस तरह की होली अन्य अंचलों में भी होती है, लेकिन यहां अलग-अलग मास और रागों पर गाई जाने वाली होली का विशेष महत्व है। कहना है कि अल्मोड़ा की होली में बनारस और मथुरा की होली के राग रंग झलकते हैं।

## ताकुला के होल्यार पहुंचे बाबा बागनाथ मन्दिर



बागेश्वर(उद संवाददाता)। शिवरात्रि के अवसर पर ताकुला के सात गांव सतराली के होल्यारों की होली बाबा बागनाथ मंदिर पहुंची तथा यहां उन्होंने बाबा बागनाथ मंदिर में अबीर गुलाल चढ़ाया व खड़ी होली गायन किया। परंपरा के अनुसार अल्मोड़ा जिले के ताकुला क्षेत्र के सतराली गांव के तहत आने वाले खाड़ी, झारकोट, लोहना, कांडे, थापला, पनेर गांव, कोतवाल गांव गांव के होल्यार बागेश्वर बागनाथ मंदिर पहुंचे।होली को लेकर होल्यारों में काफी उत्साह दिखा, मंदिर पहुंचने पर मन्दिर की परिक्रमा की, यहां उन्होंने बाबा बागनाथ में अबीर गुलाल चढ़ाकर पूजा अर्चना की। इसके बाद मंदिर परिसर में स्थित निर्धारित स्थान पर पूजा अर्चना की व होली गायन किया। होली का शुभारंभ शिवजी की होली सिदिध को दाता, विघ्न विनाशन के साथ किया गया। इसके बाद हां जी शंभू तुम बिन क्यों न खेले होरी लला होली गायन किया। इसके अलावा होल्यारों ने कई होलियां गाई। होल्यारों में इतना उत्साह था कि गांव से बाहर हल्द्वानी अल्मोड़ा में रहने वाले क्षेत्रीय लोग भी होल्यार बनकर होली गायन हेतु बागेश्वर पहुंचे थे।वही हल्द्वानी से वरिस्ठ पत्रकार मनोज लोहनी, सहित अन्य लोग यहां पहुंचकर होली गायन के होल्यारों का उत्साह बढ़ाते हुए होली गायन में होल्यार बनते नजर आए। इस अवसर पर होल्यार जगदीश लोहनी,मनोज लौहनी,बसन्त लोहनी, भाष्कर लोहनी, शंकर तेवारी, शिव शंकर लोहनी,कमल लोहनी, देवेंद्र लोहनी, अनिकेत लोहनी, दीपक चंद, सोनू कर्नाटक आदि उपस्थित थे।

## नवागत पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार मेहरा ने संभाला कार्यभार



बागेश्वर (उद संवाददाता)। नवागत पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार मेहरा ने शिवरात्रि पर्व पर ऋषि मार्कण्डेय की तपोस्थली में बाबा बागनाथ का आशीर्वाद लेकर जिले के पुलिस अधीक्षक के रूप में पदभार ग्रहण कर लिया है। कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात उन्होंने पुलिस कार्यालय में गार्द सलामी ली और जनपद के वरिष्ठ अधिकारियों व कर्मचारियों से परिचय प्राप्त कर बैठक संपन्न की। परिचय सत्र के उपरान्त प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने अपनी प्राथमिकताओं को स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि अवैध नशे का काला कारोबार करने वालों पर शिकंजा कसना, साइबर फ्रॉड रोकना तथा यातायात व्यवस्था में सुधार लाना उनके मुख्य लक्ष्य होंगे। इस दिशा में और अधिक ठोस प्रयास किए जाएंगे तथा बीट पुलिसिंग पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।पुलिस अधीक्षक ने पुलिस बल के मनोबल को ऊंचा रखने और उनकी कार्यक्षमता बढ़ाने की दिशा में कार्य करने की बात कही। उन्होंने स्पष्ट किया कि अराजक तत्वों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने आम जनता से जिले में बेहतर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस को सहयोग करने की अपील भी की। इस अवसर पर पुलिस उपाधीक्षक अजय साह और अन्य पुलिस कर्मी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## पेज एक का शेष...

**सरकार के खिलाफ...**और बैनर हटवा दिए हैं। रावत ने कड़े शब्दों में कहा कि केंद्र हो या प्रदेश, दोनों ही सरकारें जनभावनाओं के विपरीत कार्य कर रही हैं और धामी सरकार आकंठ भ्रष्टाचार में डूबी हुई है। उन्होंने कहा कि आज महंगाई चरम पर है, महिलाओं पर अत्याचार बढ़ रहे हैं, जंगली जानवरों के आतंक से गांव खाली हो रहे हैं और पलायन की स्थिति भयावह हो चुकी है, जिसके विरोध में आज कांग्रेस सड़क पर है। प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने भाजपा सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा कि चुनाव के समय भय और भ्रष्टाचार मुक्त शासन का वायदा किया गया था, लेकिन आज प्रदेश में इसके ठीक उलट माहौल बन गया है। उन्होंने सरकार पर अपराध और तानाशाही को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। गोदियाल ने कहा कि जब जनता की कहीं सुनवाई नहीं हो रही, तब कांग्रेस को विवश होकर राजभवन का घेराव कर राज्यपाल को ज्ञापन देना पड़ रहा है। उन्होंने सरकार को चेतावनी दी कि दमनकारी नीतियां और तानाशाही रवैया बंद किया जाए, अन्यथा कांग्रेस का यह आंदोलन और अधिक उग्र रूप धारण करेगा। इस दौरान भारी संख्या में महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस और एनएसयूआई के कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे, जिन्होंने सरकार के खिलाफ हुंकार भरी।

**गैस सिलेंडर...**सिलेंडर में गैस रिफिलिंग करने के दौरान हुई। यदि जांच में यह तथ्य सही पाया जाता है, तो यह मामला घरेलू गैस की अवैध रिफिलिंग और सुरक्षा मानकों की गंभीर अनदेखी का बड़ा उदाहरण बन सकता है। इस पूरी घटना का वीडियो भी एक स्थानीय नागरिक द्वारा रिकॉर्ड कर सोशल मीडिया पर साझा किया गया है, जो तेजी से वायरल हो रहा है। गौरतलब है कि ऋषिकेश क्षेत्र में प्रशासन ने मात्र 12 दिन पहले ही अवैध गैस रिफिलिंग के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया था। उस दौरान जिला पूर्ति विभाग को सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से शिकायत मिली थी कि लक्कड़ घाट इलाके में गैरकानूनी तरीके से गैस सिलेंडरों की रिफिलिंग की जा रही है, जिस पर कार्रवाई करते हुए 134 व्यावसायिक और 12 घरेलू सिलेंडर जब्त किए गए थे। इस ताजा घटना के बाद प्रशासन ने एक बार फिर लोगों से अपील की है कि वे अवैध गैस रिफिलिंग जैसी खतरनाक गतिविधियों से दूर रहें और ऐसी किसी भी संदिग्ध जानकारी की सूचना तुरंत विभाग को दें। फिलहाल पुलिस और संबंधित विभाग मामले की बारीकी से जांच कर रहे हैं।

**जिला एवं सत्र न्यायालय...**मौके पर पहुंच गईं। जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष भागवत प्रसाद ने पुष्टि करते हुए बताया कि ऑल इंडिया जजेस संगठन को प्राप्त इस धमकी भरे ई-मेल के बाद तत्काल प्रशासन को अवगत कराया गया, जिसके बाद सुरक्षा एजेंसियों ने पूरे परिसर को अपने घेरे में ले लिया। मामले पर विस्तृत जानकारी देते हुए नैनीताल एसपी डॉ. जगदीश चंद्र ने बताया कि ई-मेल के माध्यम से जिला एवं सत्र न्यायालय में बम होने की सूचना प्राप्त हुई थी। एहतियात के तौर पर पूरे कोर्ट परिसर में भारी पुलिस बल तैनात किया गया और बम निरोधक दस्ते ने चप्पे-चप्पे की तलाशी ली। एसपी के अनुसार, अब तक जिला न्यायालय के अधिकांश हिस्सों की जांच की जा चुकी है, लेकिन फिलहाल किसी भी प्रकार की कोई आपत्तिजनक वस्तु या संदिग्ध सामग्री बरामद नहीं हुई है। पुलिस और साइबर सेल की टीमें ई-मेल के स्रोत का पता लगाने में जुटी हैं ताकि धमकी देने वाले शरारती तत्वों तक पहुँचा जा सके। वहीं उत्तरकाशी जिला न्यायालय में भी बम होने की सूचना पर पुलिस ने कोर्ट को खाली कराया। जिला जज गुरुबख्श सिंह सहित सभी अधिवक्ताओं को बाहर किया गया। जिला न्यायालय के आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। बताया जा रहा है कि देहरादून से बम स्क्वॉड की टीम उत्तरकाशी पहुंचेगी, बम स्क्वॉड की जांच के बाद ही अब कोर्ट परिसर को जज व अधिवक्ताओं के लिए खोला जाएगा।

**बोलेरो खाई में ...**अभिषेक निवासी कोट गांव तथा 16 वर्षीय चुनू पुत्र प्रताप कुंवर निवासी भितरी के रूप में हुई है।हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस और रेस्क्यू टीम ने रात के अंधेरे में ही रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर घायलों को सड़क तक पहुँचाया। अस्पताल में रितिक और अभिषेक की हालत बेहद नाजुक बनी हुई थी, जिसके बाद चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर उपचार के लिए देहरादून रेफर करने का निर्णय लिया। सीएचसी पुरोला के प्रभारी चिकित्सक मनोज असवाल ने बताया कि दोनों घायलों के सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं, जिस कारण उन्हें तत्काल हायर सेंटर देहरादून भेज दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है कि हादसा वाहन के अनियंत्रित होने से हुआ या इसके पीछे कोई अन्य तकनीकी कारण था।

**सिरौली कला को ...**जाए। इस अवसर पर जनसमूह को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कांग्रेस पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की मानसिकता के कारण ही किच्छा का विकास रुक गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस नहीं चाहती कि इस क्षेत्र का उत्थान हो, इसलिए उन्होंने ही माननीय न्यायालय में याचिका डालकर सिरौली को नगर पालिका बनने से रोकने का कुत्सित प्रयास किया है। राजेश शुक्ला ने कड़े शब्दों में कहा कि वह कांग्रेस की इस साजिश को सफल नहीं होने देंगे और सिरौली कला को अलग नगर पालिका बनवाकर ही दम लेंगे। उन्होंने चुनौतीपूर्ण लहजे में कहा कि किसी में साहस हो तो वह सिरौली को नगर पालिका बनने से रोक कर दिखाए। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस समय सिरौली को पृथक नगर पालिका बनाना क्षेत्र की सबसे बड़ी मांग है ताकि वहां का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कार्यकर्ताओं और जनता से इस हक की लड़ाई के लिए एकजुट रहने का आह्वान किया। इस दौरान भारी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी और ग्रामीण उपस्थित रहे।

**आस्था का बड़ा ...** एकड़ भूमि को कालनेमियों के कब्जे से मुक्त कराया गया था, जिस पर अब शिव कॉरिडोर का सपना साकार होगा। महापौर ने कहा कि गांधी पार्क में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने मानसखंड कॉरिडोर में तीन मंदिरों को जोड़ने की घोषणा की है, जिसके अंतर्गत गंगापुर रोड स्थित नीलकंठ धाम, गोल्ज्यू मंदिर और आस्था के केन्द्र शिव मंदिर के साथ ही गुरुचांद मंदिर परिसर का कायाकल्प होगा। इन मंदिरों को एक साथ जोड़ते हुए त्रिभुजाकार स्वरूप दिया जाएगा और यहां पर नीलकंठ भवन के साथ ही 51 फुट ऊंची भगवान शिव की मूर्ति स्थापित की जाएगी। शिव कॉरिडोर के लिए एक अलग से मार्ग बनाया जायेगा। यह कॉरिडोर रूद्रपुर में आस्था का बड़ा केन्द्र बनकर उभरेगा। इसे पर्यटन की दृष्टि से भी विकसित किया जायेगा। महापौर ने मुख्यमंत्री की अन्य बड़ी घोषणाओं का विवरण देते हुए बताया कि खेड़ा में अतिक्रमण मुक्त कराई गई भूमि पर पर्यावरण मित्रों के लिए अत्याधुनिक सरकारी आवासों का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए भूरारानी रोड और गंगापुर रोड के चौड़ीकरण को मंजूरी दी गई है। अटरिया मोड़ से इंदिरा कॉलोनी तक 'मिनी बाईपास' के निर्माण का भी ऐलान मुख्यमंत्री ने किया है, जिससे शहर के मुख्य मार्गों पर वाहनों का दबाव कम होगा। इसके साथ ही किच्छा रोड पर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनाने का भी ऐलान हुआ है, जिसमें बास्केटबॉल, क्रिकेट, बैडमिंटन, इंडोर जिम सहित विभिन्न खेलों की सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। महापौर ने इन घोषणाओं पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री की योजनाओं में विकास, अंत्योदय और विरासत को शामिल किया गया है। महापौर ने उन सभी योजनाओं का भी विवरण साझा किया जिनका लोकार्पण और शिलान्यास हुआ है, जिनमें प्रमुख रूप से नगर निगम के मुख्य कार्यालय भवन का पुनर्निर्माण (15.74 करोड़), विभिन्न मार्गों में हॉटमिक्स कार्य (9.90 करोड़), विभिन्न निर्माण कार्य (7.50 करोड़), विभिन्न वार्डों में 52 विकास कार्य (6.38 करोड़), 8 आरोग्य मंदिरों का निर्माण (5.60 करोड़), बजाज सखी स्किल केंद्र (5.00 करोड़), वार्ड संख्या 28 में निगम बाजार व रोड निर्माण (4.80 करोड़), आईओसीएल के साथ पेट्रोल पंप स्थापना (4.00 करोड़), गौशाला का निर्माण (3.69 करोड़), वीर हकीकत राय मार्ग का सुदृढ़ीकरण (2.56 करोड़), स्वच्छता वाहन (2.50 करोड़), स्ट्रीट लाइट कार्य (2.50 करोड़), वेंडिंग जोन निर्माण (2.00 करोड़), फ्रेश वेस्ट प्लांट (1.71 करोड़), देवभूमि रजत जयंती पार्क (1.59 करोड़), जेसीबी मशीनें (1.50 करोड़), यूआईडीएफ के अंतर्गत विशेष विकास कार्य (14.26 करोड़), मुख्यमंत्री घोषणा के 17 विकास कार्य (1.00 करोड़), ओपन जिम व झूले (0.60 करोड़), घंटाघर चौक का सौंदर्यीकरण (0.48 करोड़), सब्जी मंडी निर्माण (0.48 करोड़), अंबेडकर पार्क सौंदर्यीकरण (0.48 करोड़), सुभाष चंद्र बोस मूर्ति स्थापना (0.25 करोड़), डमरू चौक निर्माण (0.24 करोड़) और त्रिशूल चौक निर्माण (0.21 करोड़) शामिल हैं। इन सभी विकास कार्यों की कुल लागत 100.03 करोड़ रुपये है। पत्रकार वार्ता में नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पाण्डेय, मंदिर के महंत प्रकाश जी, शिव कुमार राय, पार्षद सुशील चौहान, पार्षद चिराग कालरा, हरि अधिकारी,एम पी मौर्या आदि भी मौजूद रहे। **त्रिशूल चौक के बाद अब डमरू चौक का नंबर:** महापौर विकास शर्मा ने कहा कि रुद्रपुर को भगवान शिव की नगरी का स्वरूप प्रदान करने के लिए त्रिशूल चौक की स्थापना के बाद अब डमरू चौक की तैयारी शुरू हो गई है। उन्होंने बताया कि नगर निगम ने विभिन्न चौराहों को नई धार्मिक पहचान देने का खाका तैयार किया था, जिसके तहत इंदिरा चौक पर भव्य त्रिशूल पहले ही स्थापित किया जा चुका है। इसी तर्ज पर अब डीडी चौक को डमरू चौक के रूप में सजाने के लिए मुख्यमंत्री ने शिलान्यास कर दिया है। 24 लाख रुपये की लागत से डीडी चौक को डमरू चौक के रूप में परिवर्तित किया जाएगा, जिससे शहर की सुंदरता और धार्मिक महत्ता में वृद्धि होगी। महापौर ने स्पष्ट किया कि शहर के विकास और सौंदर्यीकरण का यह सिलसिला भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगा

**निजाम तो बदला...**तोड़ने की कोशिश कभी भी नहीं की। जिसका दुष्परिणाम यह रहा कि शहर में मोबाइल छिनैती की घटनाएं वर्तमान में भी बदस्तूर जारी हैं। इसी प्रकार पुलिस द्वारा शहर में सूखे नशे की सामग्री भी समय-समय पर भारी मात्रा में बरामद की जाती रही है, मगर पुलिस द्वारा सूखे नशे के उत्पादन को रोकने की दिशा में कोई खास दिलचस्पी नहीं ली गई । कदाचित यही कारण है कि पुलिस की तमाम कार्यवाहियों के बाद भी जिले में उपरोक्त समस्याएं अभी भी जस की तस बनी हुई है। लिहाजा, निकट भविष्य में अब देखना यह होगा कि नवागत पुलिस कप्तान इन चुनौतियों से किस तरह निपटते हैं और उनके मातहतों की पूर्व कार्यशाली में कोई बदलाव देखने को मिलता है अथवा नहीं ।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# राजभवन घेराव कार्यक्रम में महिला कांग्रेस पदाधिकारियों ने की शिरकत

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गणेश गोदियाल और चुनाव प्रचार समिति के अध्यक्ष प्रीतम सिंह के नेतृत्व में आयोजित राजभवन कूच से पूर्व उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष मीना शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जया कर्नाटक और प्रदेश महामंत्री सुनीता कश्यप सहित किया। एयरपोर्ट पर महिला कांग्रेस पदाधिकारियों ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल, महिला कांग्रेस प्रभारी सुनीता गावडे, पूनम पंडित, उत्तराखंड कांग्रेस इस दौरान महिला कांग्रेस की कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिला। पदाधिकारियों ने एकजुट होकर सरकार की नीतियों के खिलाफ हुंकार भरी और



देहरादून राजभवन घेराव कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की दर्जनों पदाधिकारी और कार्यकर्ता राजधानी पहुंचे। बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारियों ने जॉली ग्रांट एयरपोर्ट पहुंचकर अखिल भारतीय महिला कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा का भव्य स्वागत प्रभारी मनोज यादव, सुरेंद्र शर्मा और उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष ज्योति रौतेला को बुके भेंट कर एवं शाल ओढ़ाकर उनका अभिनंदन किया। राजभवन घेराव को सफल बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रदेश भर से आई महिला कांग्रेस की बड़ी संख्या में पदाधिकारी और सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

# डंपरों से बैटरी चुराने वाले गिरोह के चार युवक गिरफ्तार

हल्द्वानी। हल्द्वानी में सात फरवरी को बनभूलपुरा के गौलापार बाईपास रोड स्थित पार्किंग में खड़े दस से ज्यादा डंपरों से बैटरियां चुराने वाले गिरोह का पुलिस ने रविवार को पर्दाफाश किया। पुलिस ने गौलापार बाईपास से चोरी करने वाले विनोद कुमार (25), रंजीत (24) और रंजीत सिंह (26) निवासी पिंडारी अशोक थाना बहेड़ी (बरेली) को गिरफ्तार किया। बैटरी खरीदने वाले कबाड़ी जलील अहमद (40) निवासी मोहल्ला अब्बासनगर बहेड़ी को पकड़ा। इनके पास से छह बैटरियां भी बरामद हुई हैं। पुलिस बहुउद्देशीय भवन में सीओ हल्द्वानी अमित कुमार सैनी ने कहा कि 12 फरवरी को जुहैब आलम निवासी लाइन नंबर 13 आजाद नगर ने बनभूलपुरा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई। उसने कहा कि सात फरवरी उसके डंपर से बैटरी चोरी हो गई। अन्य डंपरों से बैटरी चुराई गई थी। प्राथमिकी दर्ज करने के बाद पुलिस आरोपियों की पहचान में जुट गई थी। गौलापार बाईपास रोड से



लालकुआं होकर किच्छा तक सौ से ज्यादा सीसीटीवी की फुटेज देखी गई। फुटेज में कार का नंबर दिखा और इसके जरिये आरोपियों की पहचान कर पुलिस उनकी गिरफ्तारी में जुट गई। सीओ ने कहा कि शनिवार रात बनभूलपुरा एसओ दिनेश सिंह फर्त्याल के नेतृत्व में एसआई मनोज यादव की टीम ने गौला बाईपास रोड से विनोद कुमार (25), रंजीत (24) व रंजीत सिंह (26) निवासी पिंडारी अशोक थाना बहेड़ी (बरेली) और जलील अहमद (40) निवासी मोहल्ला अब्बासनगर बहेड़ी को पकड़ा। इनके पास से वारदात में प्रयुक्त कार और छह बैटरियां भी बरामद हुईं। विनोद कुमार, रंजीत व रंजीत सिंह ने कबाड़ी जलील अहमद से बातचीत कर चोरी का माल खपाने की पहले ही बात कर ली थी। इनसे बैटरी लेने के बाद कबाड़ी यहां से बैटरियों को आगे बढ़ा देता था। रंजीत, रंजीत सिंह और विनोद कुमार ने एक साथ कई वाहनों को निशाना बनाने की योजना बनाई। चोरी के बाद बैटरी ले जाने के लिए गाड़ी की जरूरत थी। ऐसे में तीनों एक लाख रुपये लेकर दिल्ली गए और कुछ माह पहले सेकेंड हैंड कार खरीद लाए। इसी कार में उन्होंने चोरी की बैटरियों को रखा था। तीनों आरोपियों पर बरेली के बहेड़ी थाना में वर्ष 2023 में चोरी की दो प्राथमिकी दर्ज है। इनके पास से चोरी का सामान भी बरामद हुआ था। कबाड़ी जलील अहमद के आपराधिक इतिहास को पुलिस खंगालने में जुटी है।

# दिनेशपुर रामबाग की मेले मे उमड़ रहे लोग

दिनेशपुर। रामबाग क्षेत्र में महाशिवरात्रि का मेला पूरे शबाब पर है। रंग-बिरंगी रोशनी, झूलों की गूंज और दुकानों की चहल-पहल से पूरा इलाका उत्सवमय हो उठा है। दूर-दराज के गांवों से आए श्रद्धालु और स्थानीय लोग बड़ी संख्या में मेले का आनंद लेने पहुंच रहे हैं। खासतौर पर महिलाएं और बच्चे मेले की रौनक बढ़ा रहे हैं। बच्चों के चेहरे पर झूलों और खिलौनों की खुशी साफ झलक रही है, वहीं महिलाएं सजावटी सामान, चूड़ियां और घरेलू वस्तुओं की खरीदारी में व्यस्त दिखाई दे रही हैं।मेले का मुख्य आकर्षण आदिवासी शिव मंदिर बना हुआ है। सुबह से ही मंदिर



में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखी जा रही हैं। श्रद्धालु भगवान शिव का जलाभिषेक कर मन्नतें मांग रहे हैं। कई परिवारों ने विधिवत पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर परिसर 'हर-हर महादेव' के जयघोष से गूंज उठा, जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया।मेला परिसर में स्थानीय व्यापारियों की दुकानें सजी हैं, जहां खिलौने, मिठाइयां, झूले और हस्तशिल्प की वस्तुएं लोगों को आकर्षित कर रही हैं। ग्रामीण अंचलों की पारंपरिक झलक भी मेले में साफ दिखाई दे रही है। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर प्रशासन भी सतर्क है और पुलिस बल तैनात किया गया है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।कुल मिलाकर रामबाग का महाशिवरात्रि मेला आस्था और उल्लास का अद्भुत संगम बना हुआ है। इस मौके पर आयोजन समिति के राकेश सिंह बाबू सिंह तोमर नित्यानंद मंडल किशोर मलिक आदि भारी संख्या में लोग मेले को सफल बनाने में जुटे हुए हैं।

# पांच जिलों के लिए बारिश का अलर्ट

देहरादून। उत्तराखंड में आज मौसम करवट बदलने वाला है। मौसम वैज्ञानिकों ने प्रदेश के पांच जिलों के लिए बारिश और बर्फबारी का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग की ओर से मिली जानकारी के अनुसार 16 फरवरी को उत्तराखंड में मौसम एक बार फिर करवट बदलेगा। वैज्ञानिकों ने उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलों में 3300 मीटर या उससे अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की बारिश और बर्फबारी होने की संभावना जताई है। मौसम विभाग की माने तो 17 फरवरी को भी इन इलाकों में मौसम खराब रह सकता है। वैज्ञानिकों ने फिलहाल किसी बड़े सिस्टम की संभावना नहीं जताई है।




# झारखंडेश्वर से बाबा तारकनाथ धाम तक उमड़ा आस्था का सैलाब

शक्तिफार्म। आस्था, विश्वास और भक्ति के महापर्व महाशिवरात्रि पर शक्तिफार्म क्षेत्र पूरी तरह शिवमय नजर आया। "हर-हर महादेव" और "बम-बम भोले" के गगनभेदी जयघोष से समूचा वातावरण भक्तिरस में डूब गया। मंदिरों में तड़के से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं और देर रात तक जलाभिषेक व रुद्राभिषेक का क्रम निरंतर चलता रहा। बाराकोली रेंज के घने जंगलों के बीच स्थित प्राचीन एवं पौराणिक झारखंडेश्वर मंदिर में महाशिवरात्रि के अवसर पर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। स्थानीय लोग इसे 'झाड़ी मंदिर' के नाम से भी जानते हैं। जनश्रुतियों के अनुसार यहां स्थापित शिवलिंग स्वयंभू स्वरूप में प्रकट हुआ था। ऊंचे-ऊंचे वृक्षों और प्राकृतिक सौंदर्य से आच्छादित इस स्थल पर पूजा-अर्चना करने से मनोकामनाएं पूर्ण होने की मान्यता है। महाशिवरात्रि पर रविवार तड़के से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था। हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर लौटे सैकड़ों कांवड़ियों ने शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। भक्तों ने दूध, गंगाजल, बेलपत्र, धतूरा, फल-फूल अर्पित कर विधि-विधान से पूजा की। मंदिर परिसर में तीन दिवसीय मेले का आयोजन भी किया गया, जिसमें दूर- दराज के ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। मेले में बच्चों के झूले, श्रृंगार व पूजन सामग्री की दुकानें, घरेलू उपयोग की वस्तुएं तथा विविध खान-पान के स्टॉल आकर्षण का केंद्र रहे। ग्रामीण संस्कृति और लोक आस्था का सुंदर संगम यहां



स्पष्ट रूप से देखने को मिला। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। सितारगंज कोतवाली और शक्ति फार्म पुलिस चौकी के जवान पूरे समय मुस्तैदी से तैनात रहे, जिससे मेले और पूजा-अर्चना का कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। उधर सुरेंद्रनगर स्थित प्रसिद्ध बाबा तारकनाथ धाम में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। यह मंदिर क्षेत्र का प्रमुख शिवधाम माना जाता है। स्थानीय जनश्रुति के अनुसार वर्षों पूर्व एक साधक को दिव्य स्वप्न में यहां शिवलिंग स्थापना का संकेत मिला था, जिसके बाद यह स्थान धीरे-धीरे आस्था के बड़े केंद्र के रूप में स्थापित हुआ। मान्यता है कि बाबा तारकनाथ के दरबार में सच्चे मन से की गई प्रार्थना अवश्य फलित होती है। महाशिवरात्रि पर यहां हरिद्वार से गंगाजल लाए कांवड़ियों की विशेष उपस्थिति रही और दिनभर जलाभिषेक, रुद्राभिषेक व भजन-कीर्तन का सिलसिला चलता रहा। नगर के सनातन धर्म मंदिर सहित क्षेत्र के सभी शिवालयों में भी भक्तों ने श्रद्धा भाव से जलाभिषेक किया। मंत्रोच्चार, घंटानाद और आरती से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। महाशिवरात्रि का यह पावन पर्व एक बार फिर सिद्ध कर गया कि शक्तिफार्म की धरती पर धार्मिक परंपराएं आज भी पूरी आस्था, उत्साह और उल्लास के साथ जीवंत हैं। जंगल के बीच विराजमान झारखंडेश्वर मंदिर से लेकर सुरेंद्रनगर के बाबा तारकनाथ धाम तक, हर ओर शिवभक्ति की अविरल गंगा बहती रही और पूरा क्षेत्र शिवमय आभा में सराबोर नजर आया।